आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 03 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-09 ■ वर्ष -41 ■ अंक-127 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## संक्षेप

### जेल की 25 फीट ऊंची दीवार कूदकर भागे कैदी

**कोरबा,3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला जेल से रेप के आरोप में बंद 4 आरोपी फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जेल में बिजली गुल होते ही 25 फीट ऊंची दीवार पर चढ़े, फिर 15 मिनट के अंदर कूदकर भाग गए। भागने और कूदने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक जेल से फरार आरोपियों में बालको थाना क्षेत्र के सना सिंह, रजगमार चौकी क्षेत्र के राजा कंवर, सिविल लाइन थाना इलाके के दशरथ और श्याम थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर कुमार शामिल हैं। ये सभी पॉक्सो एक्ट और धारा 376 के आरोपी बताए जा रहे हैं।

### सरिए के वार से चचेरे भाई की हत्या, आरोपी फरार

**जोधपुर ,3 अगस्त।** जिले के मोगड़ा कला गांव में चचेरे भाई की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी ने घर में घुसकर सरिए से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मोगड़ा कला निवासी अशोक जाट के रूप में हुई है। वहीं आरोपी वेनाराम उर्फ खंगाराराम जाट वारदात के बाद फरार हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी मृतक के घर में वेल्डिंग और छपरा बनाने का काम कर रहा था। शनिवार शाम अशोक अपने मकान में चाय पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में आकर वेनाराम ने पास रखा सरिया उठाया और अशोक के सिर पर कई वार कर दिए। हमले से अशोक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया।

### बुलंदशहर में संदिग्ध युवकों ने की गोली मारकर की हत्या

**बुलंदशहर ,3 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में हत्या की घटना से इलाके में दहशत है। थाना औरंगाबाद क्षेत्र के गांव दौलताबाद में बीती रात एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई। इस वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 4 टीमें गठित की हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दौलताबाद गांव में अपने दोस्त जितेंद्र के साथ घर लौट रहे संजय ने रास्ते में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को टोका था। उसी बात पर विवाद हुआ और फिर एक युवक ने पिस्टल निकालकर संजय पर फायर कर दिया।

इस हमले में संजय की मौत हो गई। बताया जाता है कि संजय गांव में अपनी मां के साथ रह रहा था, जबकि उसकी पत्नी और बच्चे गाजियाबाद में रहते हैं। इस घटना से गांव के लोग दहशत में आ गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस का खोखा बरामद किया। साथ ही, शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# बस्तर समेत प्रदेश भर में रेल सेवाओं का बढ़ा दायरा : मुख्यमंत्री साय

## रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का हुआ भव्य शुभारंभ






**रायपुर, 3 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने आज राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नई सेवा के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। शुभारंभ के खास मौके पर गुजरात के भावनगर में आयोजित मुख्य समारोह से केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और मनसुख मांडविया तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली उपस्थित रहे। मुख्य समारोह में रीवा-पुणे एक्सप्रेस एवं भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस का भी रीवा एवं भावनगर से शुभारंभ किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की विशेष पहल से आज तीन नई ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ हुआ है और इसमें छत्तीसगढ़ को भी रायपुर-जबलपुर नई ट्रेन सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने नई रेल सेवा के लिए प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में छत्तीसगढ़ का रेल का बजट 21 गुना बढ़ा है और इस साल 6 हजार 900 करोड़ की राशि मिली है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं संचालित है, जो छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को 680 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त बनाने के साथ ही पूरा कायाकल्प जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद से पीड़ित और वहां भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नई रेल परियोजनाओं की सौगात दी है। रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना सहित अन्य महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं भी हमारे छत्तीसगढ़ को मिली है, इसके लिए भी उन्होंने विशेष रूप से आभार जताया। श्री साय ने कहा कि रायपुर से जबलपुर के लिए वैकल्पिक रेल सेवा मिलने से पर्यटन, शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



# भक्ति, संस्कृति और समरसता का संगम

## रायपुर की भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर, 3 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सावन मास के पवित्र अवसर पर राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मारूति मंगलम भवन, गुढ़ियारी से हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक हजारों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक हेतु रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है और हमारे लोक-विश्वास की गहराई को प्रकट करता है। सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर पदयात्रा कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के महादेव घाट स्थित भगवान हटकेश्वरनाथ महादेव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक हेतु एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है। कांवड़ यात्रा जैसी आयोजन न केवल परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह और रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# नहर में गिरी बोलेरो, 11 लोगों की दर्दनाक मौत





**गोंडा,3अगस्त।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है. गोंडा के पृथ्वी नाथ मंदिर दर्शन करने जा रही बोलेरो कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई. मौके पर ही 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. मृतक थाना मोतीगंज के सिहागांव के निवासी हैं. ये सड़क हादसा इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा बहुता रेहरा मोड के पास हुआ है. हादसे में जिनकी मौत हुई हैं, उनमें 5 महिलायें और 6 पुरुष हैं. ड्राइवर की जान बच गई है.भारी बारिश के बीच गोंडा में बोलेरो बेकाबू होकर सरयू नहर में गिर गई. इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जो अधिकतर एक ही परिवार के हैं. बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे. ये सभी लोग सावन के महीने में पृथ्वीनाथ मंदिर जल चढ़ाने जा रहे थे. मौक़े पर मौजूद लोगों ने बताया कि बोलेरो गाड़ी का गेट नहीं खुल रहा था. लोग अंदर जान बचाने की गुहार लगा रहे थे. कार का शीशा तोड़ कर लोगों को गाड़ी के अंदर से निकाला गया. हादसे का शिकार हुई बोलेरो कार में 15 लोग सवार थे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोंडा में हुए सड़क हादसे का तुरंत संज्ञान लिया. सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर संज्ञान लिया है. उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए.

# क्या तेजस्वी के पास दो वोटर आईडी कार्ड?



**पटना,3 अगस्त।** राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम काटे जाने के आरोपों के बाद अब उनके पास वोटर कार्ड होने का मुद्दा गरमा गया है। तेजस्वी ने शनिवार को दावा किया है कि बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। जिसका खंडन करते हुए चुनाव आयोग ने उनका लिस्ट में शामिल होने का सबूत दिया था। इस घटना में नया मोड़ तब आया जब तेजस्वी यादव की ओर से बताया गया ईपीआईसी नंबर (RAB2916120) और चुनाव आयोग की ओर से जारी ईपीआईसी नंबर (RAB0456228) दोनों अलग-अलग थे। इसके बाद ये आशंका जताई गई है, कि तेजस्वी यादव के नाम के दो वोटर कार्ड हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव ने 2020 के विधानसभा चुनाव में नामांकन के लिए जो हलफनामा भरा था, उसमें उन्होंने ईपीआईसी नंबर RAB0456228 का इस्तेमाल किया था। यही ईपीआईसी नंबर 2015 की मतदाता सूची में भी मौजूद था और हाल ही में जारी की गई मसौदा सूची में भी उनका नाम इसी नंबर के साथ है। सूत्रों ने कहा कि आयोग को आशंका है कि तेजस्वी के पास दो ईपीआईसी नंबर हैं और इसकी जांच कराई जाएगी। सूत्रों ने कहा कि यह पूरी तरह संभव है कि दूसरा ईपीआईसी (चुनाव फोटो पहचान पत्र) कभी भी आधिकारिक माध्यम से नहीं बनाया गया हो। आयोग सूत्रों ने तेजस्वी प्रसाद के इस आरोप को खारिज कर दिया कि उनका ईपीआईसी नंबर बदल दिया गया था। उन्होंने कहा कि राजद नेता ने 2020 में हलफनामे पर अपना नामांकन पत्र भरने के लिए ईपीआईसी नंबर RAB0456228 के साथ मतदाता सूची का इस्तेमाल किया था।

### महाराष्ट्र में फर्जी करेंसी रैकेट का पर्दाफाश

**अहिल्यानगर ,3 अगस्त।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 60 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं और इस मामले में 7 लोगों को हिरासत में भी लिया है। अहिल्यानगर तालुका पुलिस ने ये कार्रवाई छत्रपति संभाजीनगर में की है। यहां नकली नोट छापने वाली एक फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस की कार्रवाई में 500 की करेंसी वाले 60 लाख रुपए के नकली नोट और 2 करोड़ 16 लाख रुपए के नोट छापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कागज बरामद किए हैं।

### विश्वनाथ मंदिर के गंगा द्वार पर 14 सीढ़ी नीचे और अस्सी पर सड़क तक आया पानी

वाराणसी.काशी में गंगा का जलस्तर 71.31 मीटर पहुंच गया है। अस्सी घाट पर पानी सड़क तक आ गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर के गंगा द्वार से गंगा 14 सीढ़ी नीचे हैं। दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां बची हैं। काशी में गंगा खतरे के निशान 71.26 को पार गई है। शनिवार रात 12 बजे गंगा का जलस्तर 71.31 मीटर पहुंच गया। 84 घाटों को डुबोने के बाद अब गंगा शहर में प्रवेश कर चुकी हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार से गंगा 14 सीढ़ी नीचे हैं। दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां बची हैं। शीतला घाट पर मंदिर पूरी तरह से पानी में समाहित हो चुका है और सिंधिया घाट पर रत्नेश्वर महादेव के मंदिर के शिखर का कुछ हिस्सा ही नजर आ रहा है। नमो घाट पर बने स्क्ल्पचर भी डूब गए हैं। लोग घरों में फंसे हैं।



# बड़ी गलती कर रहे ट्रंप : लुबिमोव

**नई दिल्ली,3 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। इस घोषणा को भारत पर ट्रेड डील के लिए दबाव बनाने की नजर से देखा जा रहा है। वहीं अब कनाडा के बिजनेस टाइकून ने ट्रंप को उनके इस कदम के लिए चेताया है और भारत पर टैरिफ लगाने को बड़ी भूल बताया है। दिग्गज कनाडाई कारोबारी और टेस्टबेड के चेयरमैन किर्क लुबिमोव ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की आलोचना की है और पीएम मोदी को दुनिया में बेहद लोकप्रिय नेता बताया है। किर्क लुबिमोव ने लिखा, 'मैंने पहले भी कहा है, और मैं इसे फिर से कहूंगा। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ दृष्टिकोण की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसमें जियो पॉलिटिकल स्ट्रैटदी का जरा भी ध्यान नहीं रखा जाता है। ट्रंप अब भारत से लड़ाई लड़ रहे हैं, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी में से एक है।' उन्होंने आगे लिखा, 'भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मानित हैं और कई देशों में उनका प्रभाव है। असली मकसद चीन और ब्रिक्स के प्रभुत्व और विकास को कमजोर करना है। भारत इसका एक हिस्सा है, लेकिन यह चीन से प्रोडक्शन को ट्रांसफर करने के लिए एक स्वाभाविक देश हो सकता है।' किर्क लुबिमोव ने तंज कसते हुए कहा कि अमेरिका 50 सेंट के टूथब्रश तो नहीं बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत के हथौड़े और कील का इस्तेमाल करने के बजाय उसका आर्थिक सहयोग करना चाहिए और कनाडा को भी इसमें साथ लाना चाहिए, जिससे हम प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत को पूरा करने में मदद कर सकें।

## सार बातें

### एयरलाइन का आरोप-रीढ़ की हड्डी तक टूटी

# स्पाइसजेट के चार स्टाफ को यात्री ने बेरहमी से पीटा




नई दिल्ली,3 अगस्त। स्पाइजेट की फ्लाइट से सफर करने वाले एक यात्री पर एयरलाइन के चार कर्मियों के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है। एयरलाइन का आरोप है कि इस दौरान उन्हें लात-घूंसे मारे गए क्यू स्टैंड से पीटा गया, जिससे कर्मचारियों की रीढ़ की हड्डी तक टूट गई। इस दौरान एक कर्मचारी बेहोश भी हो गया लेकिन यात्री नहीं रुका। वह तब भी कर्मचारी को पीटता रहा। ये घटना फ्लाइट में चढ़ने से पहले हुई। एयरलाइन के प्रवक्ता का कहना है कि यात्री के पास जो सामान था, वह अनुमत सीमा के 10 गुना से भी ज्यादा था। ऐसे में उससे एक्सट्रा समान के लिए चार्ज देने के लिए कहा गया था। लेकिन यात्री नहीं माना और बोर्डिंग प्रोसेस पूरा किए बिना ही एयरोब्रिज में घुस गया। इसके बाद जब उसे वापस गेट पर लाया गया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। स्पाइजेट प्रवक्ता के मुताबिक घटना 26 जुलाई की है जहां यात्री श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट SG-386 के बोर्डिंग गेट पर स्पाइसजेट ग्राउंड स्टाफ के चार सदस्यों के साथ मारपीट की। प्रवक्ता ने बताया कि यात्री सीनियर आर्मी अधिकारी है। उन्होंने बताया कि यात्री के पास दो केबिन बैगेज थे, जिनका कुल वज़न 16 किलो था, जो 7 किलो की अनुमत सीमा से दोगुना से भी ज़्यादा था। जब उनसे विनम्रता से एक्सट्रा सामान के बारे में बताया गया और इसके लिए लागू चार्ज देने के लिए कहा गया, तो यात्री ने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही ज़बरदस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। इसके बाद सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने उसे वापस गेट तक पहुंचाया। गेट पर, यात्री का व्यवहार और भी आक्रामक हो गया और उसने स्पाइसजेट ग्राउंड स्टाफ के चार सदस्यों के साथ मारपीट की। प्रवक्ता ने बताया कि यात्री इस कदर आक्रामक हो गया कि उसने चारों कर्मचारियों को बेरहमी से पीटा। एक कर्मचारी जब बेहोश हो चुके अपने साथी की मदद के लिए नीचे झुका तो उसके जबड़े पर ज़ोरदार लात मारी जिससे उसके नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज जारी है। प्रवक्ता ने कहा, स्थानीय पुलिस में एक एफआईआऱ दर्ज की गई है और एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिकारियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज हासिल कर पुलिस को सौंप दिया है।

# खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा समय से पहले स्थगित

**नई दिल्ली ,3 अगस्त** वार्षिक अमरनाथ यात्रा रविवार से स्थगित कर दी गई है। यह यात्रा 9 अगस्त को संपन्न होने वाली थी, लेकिन अब यह यात्रा लगभग एक सप्ताह पहले ही स्थगित कर दी गई है।

अधिकारियों ने यात्रा को समय से पहले बंद करने के पीछे खराब मौसम और यात्रा मार्गों की बिगड़ती स्थिति को मुख्य कारण बताया। तीन दिन पहले भारी बारिश के कारण यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। इसी बीच, शनिवार को अधिकारियों ने घोषणा की कि बालटाल और पहलगाम, दोनों पारंपरिक मार्गों से यात्रा फिर से शुरू नहीं होगी, क्योंकि मार्ग असुरक्षित हैं और तत्काल मरम्मत की जरूरत है।

कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी के अनुसार, हाल की भारी बारिश ने इलाके को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे तीर्थयात्रियों के लिए मार्ग असुरक्षित हो गया है। उन्होंने बताया कि दोनों मार्गों की तत्काल मरम्मत और रखरखाव की जरूरत है, और मरम्मत के लिए मशीनरी और कर्मचारियों को तैनात करते हुए यात्रा को जारी रखना संभव नहीं है।श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष लगभग चार लाख तीर्थयात्री पवित्र गुफा के दर्शन करने में सफल रहे।

# समृद्ध व खुशहाल किसान विकसित छत्तीसगढ़ का मजबूत आधार : साय

■ प्रदेश के 25.47 लाख से अधिक किसानों के खातों में 553 करोड़ 34 लाख रुपये का अंतरण

**रायपुर, 3 अगस्त।** सावन के पवित्र महीने में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के रूप में 20500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के सभागार से प्रदेश के किसानों के साथ वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस वृहद किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2019 से अब तक देशभर के किसानों को 3.75 लाख करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है और पीएम किसान निधि इसका सशक्त उदाहरण है। श्री मोदी ने कहा कि कृषि विकास में पिछड़े जिलों के लिए 'प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना' की शुरुआत की गई है और इसके लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री ने




बताया कि सिंचाई योजनाओं पर भी सरकार बड़े पैमाने पर निवेश कर रही है ताकि खेतों तक पानी पहुंच सके और उत्पादन में वृद्धि हो। प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को राहत देने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' संचालित है, जो उन्हें संकट से उबारने का कार्य करती है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 1.5 करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और 3 करोड़ के लक्ष्य में से आधा काम हमने पूरा कर लिया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को पवित्र श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए भगवान महादेव से छत्तीसगढ़ के सतत् कल्याण, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से छत्तीसगढ़ के लगभग 25 लाख से अधिक किसानों को 553 करोड़ 34 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नदाताओं को आर्थिक संबल देकर उनके परिश्रम का सम्मान किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### ऑनलाइन सट्टा और सट्टा-पट्टी खिलाते चार गिरफ्तार, 41 हजार रुपए व 8 मोबाइल जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** सुपेला थाना अंतर्गत मटन मार्केट और उड़िया मोहल्ला में लबे समय से ऑनलाइन सट्टा और सट्टा-पट्टी खिलाते हुए चार सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 मोबाइल, रजिस्टर तथा नकद 41 हजार 55 रुपए जब्त किया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि 1 अगस्त को मुखबिर से मटन मार्केट सुपेला और उड़िया मोहल्ला मोबाइल व अन्य माध्यमों से सट्टा पट्टी खेलाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी राकेश उर्फ कुन्तु चौहान को पकड़ा, उसके पास 12 हजार 410 रुपए और रवि दीप उर्फ तुफान से 4 हजार 525 रुपए, अशोक बघेल से 1 हजार 720 रुपए और अर्जुन सोनकर से 1 हजार 50 रुपए, सभी से 1-1 मोबाइल, सट्टा पट्टी पर्ची व डाट पेन कुल रकम 19 हजार 705 रुपए जब्त की इसी प्रकार मटन मार्केट सुपेला से आरोपी रवि उर्फ चुचरु साहनी से 8 हजार 200 रुपए, रितेश नायर से 2 हजार 600 रुपए, राहुल साहनी से 5 हजार 170 रुपए और अमित विभार से 5 हजार 380 रुपए जब्त किया गया है ये सटोरिए आदतन है इनके खिलाफ कठोर एक्शन लिया जाएगा।

### गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** पतोरा से देवरझार जाने वाले रास्ता चौक के पास थाना उतई क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा बेच रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी के पास से 1.300 ग्राम गांजा, आरोपी की मोटरसाइकिल एवं मोबाइल को पुलिस ने जब्त किया है आरोपी के खिलाफ 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है उतई पुलिस मामले की जांच कर रही है उतई पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली थी कि एक नीले काले रंग के बिट्टू बैग में रखकर एक व्यक्ति रास्ता चौक पर अवैध रूप से गांजा बेच रहा है मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बनवाली अग्रवाल 50 वर्ष को पकड़ा उसके पास से 13, 000 रुपए कीमत का गांजा, बिक्री की रकम 1100 रुपए, आरोपी की मोटरसाइकिल बुलेट सीजी 07 बी एल 9735 एवं एक मोबाइल को जब्त किया है उतई थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया है।

## एक नजर

### महिला समाज के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 4 को

**भिलाई, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंचल की प्रमुख सशक्त और दृढ़निश्चयी महिला संगठन भिलाई महिला समाज 4 अगस्त को अपना 68वां स्थापना दिवस समारोह मनाने जा रहा है। इस अवसर पर सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में अपरान्ह 3 बजे से इन्द्रधनुषी स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ की कुलपति डॉ. लवली शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस दौरान वर्ष भर की गतिविधियों का विवरण देने के साथ ही महिला समाज की विभिन्न उत्पादक इकाईयों के सदस्यों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। इसमें नारी-सशक्तिकरण पर नृत्य नाटिका, लोक नृत्य आदि आकर्षण के प्रमुख केन्द्र रहेंगे। अंचल की ये प्रमुख महिला संगठन, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक उत्पादक इकाइयों का संचालन करती है। इसके अतिरिक्त भिलाई महिला समाज द्वारा सेक्टर-6 में समृद्धि पेट्रोल पंप का संचालन भी किया जाता है।

### पोड़ी में बिजली गुल होने से बच्चे परेशान

**कवर्धा, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पोड़ी गांव में विद्युत व्यवस्था का बुरा हाल है कभी भी बिजली गुल हो जाती है कभी भी बिजली आ जाती है। आज रविवार को सुबह कई बार बिजली गुल होने से बच्चे भी परेशान दिखे। पढ़ाई होमवर्क करना है लाइट गुल होने के कारण पंखा ना चलने के कारण बच्चे भी दर्द भरे लहजे में कहते हुए दिखे की पापा इतनी बिजली गुल क्यों होती है।

### मोटरसाइकिल और मोबाइल की लूट करने वाले चार नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाई, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई में मोटर साइकिल और मोबाइल की लूट करने वाले चार नाबालिग को सुपेला थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूट की मोबाइल व मोटर साइकिल जब्त कर ली है दो नाबालिग के विरुद्ध पूर्व में भी अपराध दर्ज है सुपेला पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अब्दुल इरफान निवासी मुक्त नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने मोटर साइकिल से फरीद नगर सुपेला से अपने छोटे भाई अब्दुल एजाज से मिलकर अपने घर जा रहा था कोसानाला सरकारी स्कूल के पास शाम 7 बजे पहुंचा था कोसानाला पुल के पास कुछ लड़के खड़े थे और प्रार्थी को अकेला देखकर मारपीट करने लगे और शर्ट के जेब में रखे मोबाइल और मोटर साइकिल को लूटकर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 309(4) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान चार नाबालिग को पकड़कर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया।

### विधायक देवेंद्र यादव प्राचीन शिव मंदिर में करेंगे जलार्पण



**भिलाई, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव 4 अगस्त सोमवार को सुबह 6 बजे शिवनाथ नदी दुर्ग से जल लेकर 8 बजे देव बलौदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे भगवान शिव को जलार्पण करेंगे।

### निधन

#### बी. चिन्ना राव



**भिलाई, 3 अगस्त।** कैम्प-1 शांतिपारा टाट पट्टी कॉलोनी निवासी बी. चिन्ना राव का दुखद निधन हो गया। उनके गृह निवास शांतिपारा कॉलोनी से शव यात्रा 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकली।

### भाजपा में 34 हजार सदस्य बना कर पहले स्थान पर रहे विधायक

# रिकेश सेन को मिला सदस्यता भूषण सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** मुख्यमंत्री निवास में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह में सदस्यता भूषण सम्मान से वैशाली नगर विधानसभा विधायक रिकेश सेन को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत 34 हजार से अधिक नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सदस्य भूषण सम्मान ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के समस्त भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा साथियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद और सुशासन के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपना सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर सदस्यता ग्रहण की। यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि आप सभी



कार्यकर्ता भाई-बहनों और वैशाली नगर विधानसभा की जनता का सम्मान है, जिन्होंने इस लक्ष्य पूर्ति में अपना सहयोग मुझे दिया।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठजन, प्रदेश पदाधिकारी, समस्त भाजपा विधायकगण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। शनिवार की रात्रि रायपुर से सम्मानित हो कर भिलाई पहुंचे विधायक रिकेश सेन का सुपेला गदा चौक पर भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान भिलाई जिला अंतर्गत कैम्प, वैशाली नगर और कोहका मंडल के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### रेखराम बंछोर उत्कृष्ट सम्मान समारोह में सम्मानित



**जामुल, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री निवास रायपुर में सक्रिय सदस्य अभियान में उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ जिसमें केंद्र व राज्य के समस्त पदाधिकारीगण, सांसदगण, विधायकगण सभी जिले के जिलाध्यक्ष, सक्रिय सदस्य के संयोजक व सदस्यगण उपस्थित रहे। भाजपा सक्रिय सदस्य अभियान के जिला संयोजक रहे रेखराम बंछोर ने अपनी उपस्थिति को लेकर मुख्यमंत्री साय, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संगठन, जिला संगठन व सक्रिय सदस्य अभियान से जुड़े सदस्यों का आभार मानते हुए सभी सक्रिय सदस्यों को शुभकामनाएं दी। पूर्व पालिका अध्यक्ष बंछोर ने भिलाई जिला के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बुथ अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य अभियान को सफल बनाने के लिए बधाई दी।

## छत्तीसगढ़ पंथी परिवार की अंतरराष्ट्रीय पहचान पर सीएम साय ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करने वाले छत्तीसगढ़ पी.डी. पंथी परिवार रायपुर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि पी.डी. पंथी परिवार रायपुर ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए देश-विदेश में पंथी नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को विशेष पहचान दिलाई है।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि 13 से 24 फरवरी 2025 तक म्हलचज देश में आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव में भी इस दल ने भारत का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।



मुख्यमंत्री साय ने पी.डी. पंथी परिवार रायपुर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस गौरवशाली उपलब्धि ने प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पटल पर गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि पी.डी. पंथी परिवार ने अब तक आठ अंतरराष्ट्रीय स्तर के देशों से आमंत्रण प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल सहित कई पुरस्कार अर्जित किए हैं। परिवार ने गणतंत्र दिवस वर्ष 2023 के अवसर पर राजपथ कर्तव्यपथ पर न केवल छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों में पंथी नृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुति भी दी है। छत्तीसगढ़ पी डी पंथी परिवार में टीम सदस्य पुनदास जोशी, श्वेता मनहर, हरेंद्र कुमार, रामाधार बंजारे, अल्का मिंज, मुस्कान देशलहरे, मनोज कुमार, आकांशा वर्मा एवं आकांशा केशरवानी है। छत्तीसगढ़ पी डी पंथी परिवार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट किया है।

## आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी विक्रेताओं का सत्यापन शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** नगर निगम आकाशगंगा में थोक सब्जी विक्रेताओं को दुकान, चबूतरा, नीलामी की बड़ी दुकान आदि को व्यवस्थित किया गया था। यह सब्जी मंडी पावर हाउस से आकाशगंगा में स्थापित की गई थी। जब सब्जी मंडी छोटी पड़ रही थी तब आकाशगंगा में लगभग 30 वर्ष पूर्व बसाया गया था। आकाशगंगा के थोक सब्जी विक्रेताओं द्वारा नगर निगम भिलाई को मासिक किराया नहीं जमा किया जा रहा है।

ज्यादातर दुकान आपस में खरीदी बिक्री किए हैं, कुछ दुकान ऐसी हैं जहां पर कोई दूसरा व्यक्ति व्यापार कर रहा है। जबकि उसकी दुकान पर कोई और व्यक्ति व्यापार कर रहा है। सभी लोग एक दूसरे के स्थान पर



बैठकर व्यापार कर रहे हैं। अधिकांश व्यापारियों द्वारा अपनी क्षमता के अनुसार अपने शेड को बढ़ा लिया गया है।

चबूतरे को घेर लिया गया है, जिसके कारण ट्रकों के आने जाने माल उतारने में एवं खरीदी बिक्री करने में परेशानी हो रही है। व्यापारी एक दूसरे की शिकायत भी कर रहे हैं। सभी का सत्यापन करने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन किया गया है। जिसमें राजस्व अधिकारी, भवन अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी के साथ कर्मचारियों का दल लगाया गया है।

थोक सब्जी मंडी में जाकर बकायेदारों को पैसा जमा करने के लिए नोटिस किया गया। इसके साथ ही अन्य दुकानों का सर्वे का काम शुरू हो गया है। थोक सब्जी मंडी समिति के अध्यक्ष एवं वहां के व्यापारियों के मांग पर बुधवार के दिन 10 बजे सभी व्यापारी अपने-अपने दुकान का जो भी दस्तावेज है उसको लेकर आएंगे। नगर निगम की टीम जाकर उसकी जांच करेंगे कि इस दुकान पर कौन सा व्यापारी सामान बेच रहा है। इसका पूरा सत्यापन किया जाएगा जो लोग पैसा नहीं जमा किए हैं उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। उस समय की आपसी सहमति के अनुसार चबूतरे का किराया मात्र 60 रुपये एवं विक्रेता नीलामी दुकान का किराया 250 रुपये महीना के लगभग है। व्यापारी वहां से लाखों का व्यापार कर रहे हैं। फिर भी अपना निर्धारित शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। नगर निगम वहां पूरी सुविधा प्रदान कर रहा है, रोज हजारों की भीड़ होती है।

दूर-दूर से ट्रकों में माल आता है, वहीं से छोटे व्यापारी खरीद करके ले जाते हैं। शादी, जन्मोत्सव एवं अन्य अवसर पर आम आदमी भी वहां से सब्जी खरीदी करते हैं। सभी का सत्यापन करने के बाद उन्हें स्थापित किया जाएगा। सर्वे के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी, राजस्व विभाग से उन्मेष साहू, भवन अनुज्ञा शाखा से सिद्धार्थ साहू, इनाम सिंह कन्नौज, शशांक सिंह, नंदू सिन्हा, विवेक साहू, श्रीकांत यादव आदि अधिकारी कर्मचारी द्वारा सत्यापन किया जा रहा है।

### कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का प्रतीक : रजनी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। श्रीमती रजनी बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता, अदम्य साहस और बलिदान का प्रतीक है। इस युद्ध में हमारे जांबाज सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। यह दिवस हमें राष्ट्र सेवा और देशभक्ति के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि हम सेना के बलिदान को कभी न भूलें और देश की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने का संकल्प लें। इस अवसर पर समारोह में जिला पंचायत सभापति श्रीमती नीलिमा-राजेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक प्रणव शर्मा, संचालक, शिवोम विद्यापीठ श्रीमती उपासना साहू, पूर्व पार्षद दयानन्द सोनकर, अध्यक्ष, नगर पालिका अमलेश्वर योगेश-निक्की भाले, अध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन रवि सिंगौर, सरपंच घनश्याम कौशिक, पूर्व जनपद सदस्य सोहन साहू, सैनिक कोमल वर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, रामनिवास साहू सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, नागरिक गण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने एक सुर में भारत माता की जय और वीर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भिलाई बिरादरी ने जयंती पर पं. रविशंकर शुक्ल और पं. विद्याचरण शुक्ल का किया स्मरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अगस्त।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननेता स्व. पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के अवसर पर 2 अगस्त को सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के सम्मुख स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष प्रातः 9.30 बजे समारोह का आयोजन कर स्मरण किया और बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों, कांग्रेस सेवादल इस्पात नगरी के नागरिकों ने स्व. पं. रवि शंकर शुक्ल और स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। शुक्ल जयंती समारोह के आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और प्रखर राजनेता स्व. विद्याचरण शुक्ल को भी उनके जन्म दिवस पर याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व पार्षद एवं श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्र, पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, सामाजिक कार्यकर्ता सतीष पारख, श्रीमती मायारानी शुक्ला ने सम्बोधित किया और भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के प्रणेता पं. रविशंकर शुक्ल के योगदान और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका पुण्य स्मरण किया। इस मौके पर कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के उपाध्यक्ष संतोष कुमार दीक्षित, पूर्व कार्यकारी महापौर एवं पार्षद सीजू एंथोनी, मनोज शुक्ला, पत्रकार सतीश जैन, पूर्व पार्षद कोरमा राव, राष्ट्रीय कान्यकुब्ज समाज के पदाधिकारी गुरु प्रसाद तिवारी, राकेश कुमार शुक्ला, आलोक शुक्ला, स्वदेश शुक्ला, श्रमिक नेता आर.डी कोरी, श्रीमती मनीषा तिवारी, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, मनोज मिश्रा सहित गणमान्य नागरिकों ने पं. रविशंकर शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और पं. शुक्ल के योगदानों का स्मरण करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने किया रिमझिम सावन मेला का शुभारंभ, विधायक गजेंद्र व महापौर बाघमार रहे उपस्थित

# लोकसंस्कृति, नशा मुक्ति व आत्मनिर्भरता का संदेश: सरोज

■ छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य और परंपराओं से सजी सांस्कृतिक संध्या, लाल परिधान मे सावन की रंगत बिखरी

■ सावन मेला का शुभारंभ, मनोरंजक प्रतियोगिताएं रही आकर्षण का केन्द्र, निगम द्वारा आयोजित दो दिवसीय सावन मेला में महिलाओं की जुटी भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 3 अगस्त।** नगर निगम दुर्ग द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित रिमझिम सावन मेला का शुभारंभ आज बड़े धूमधाम से हुआ। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज



पाण्डेय के साथ विधायक गजेंद्र यादव और शहर की प्रथम नागरिक महापौर अलका बागमार की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ी मंगल गीत से हुई। भारी संख्या में नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और युवा वर्ग की उपस्थिति ने आयोजन स्थल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम मे 15 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता मे भाग लिया. मुख्य अतिथि सरोज पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा, रिमझिम सावन मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह हमारी लोकसंस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और सामाजिक जागरूकता का भी परिचायक है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा इस प्रकार के आयोजन हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को नई ऊर्जा देते हैं। रिमझिम मेला में जिस तरह नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषय को भी रचनात्मकता से जोड़ा गया है, वह सराहनीय है।

### कार्यक्रम में उत्पादों की प्रदर्शनी रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी, बच्चों के लिए झूले और खेल गतिविधियाँ, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वादिष्ट अनुभव, स्वास्थ्य जांच और नशा मुक्ति परामर्श केंद्र रहा( नगर निगम द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता व यातायात की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मेला परिसर में हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ खास है, जिससे यह सावन की फुहारों के बीच उल्लास और संस्कृति का अद्भुत संगम बन चुका है। इस कार्यक्रम मे ऋचा रिकेश सेन, माया बेलचदन, उषा टावरी, चन्द्रिका चंद्राकर, गौरी सुरेंद्र कौशिक, हर्षा लोकमाणी चंद्राकर, कार्यक्रम के प्रभारी हर्षिका संभव जैन, शशि साहू सहित एमआईसी सदस्य गण एवं अधिकारी/कर्मचारी के अलावा भारी संख्या मे नागरिक गण मौजूद रहे!

**भव्य समापन में विशिष्ट हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति :** रिमझिम सावन मेला का समापन समारोह उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस समापन अवसर पर महिलाओं की रचनात्मक भागीदारी और सांस्कृतिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा ।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की धर्म पत्नी - मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेविका कौशल्या देवी उपस्थित रहेंगी। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय बघेल (सांसद), ललित चंद्राकर (संसदीय संसाधन), महापौर अलका बाघमार, रजनी बघेल (समाजसेविका), पूजा चंद्राकर (समाजसेविका एवं सांस्कृतिक प्रेरक) शामिल होगे। इन सभी अतिथियों की उपस्थिति से समापन समारोह गरिमामय एवं स्मरणीय बनेगा।

# बम्हनी चारभांठा सोसायटी में यूरिया-डीएपी खाद की कमी, किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया, 03 अगस्त।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बम्हनी चारभांठा सोसायटी में यूरिया खाद की कमी को देखते हुये लगभग 500 किसानों ने धरना दिया। पूछने पर किसानों ने बताया कि इस सोसायटी में लगभग 1200 किसान खाद के लिये आश्रित हैं आज देखते देखते पूरा समय निकलता जा रहा है खाद की कमी से क्षेत्र के सारे किसान परेशान हो गये है। छ.ग. सरकार जहां सुशासन की बात करती है लेकिन सचमुच में ऐसा नहीं है हम सब किसान खाद के लिये परेशान है खाद की कमी को लेकर कई बार अधिकारियों को सूचना दे दी गई है लेकिन संतोषजनक परिणाम अभी तक सामने नहीं आये हैं। अधिकारियों से बात करने पर एक सप्ताह में एक दो ट्रक खाद आने की बात करते हैं एक दो ट्रक खाद से क्या होने वाला है हम सब किसानों को भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध होना चाहिये लेकिन सरकार हमारी समस्या को सुनने और समझने की कोशिश ही नहीं कर रही है। यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होगी तो हम किसान ऋण का कर्ज कैसे चुका पायेंगे। क्योंकि बियासी और रोपाई का काम लगभग समाप्ति की ओर है इसलिये आज इस बम्हनी चारभांठा सोसायटी के सारे किसान यहा धरना पर बैठ कर सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। सोसायटी समिति अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि कुछ मात्रा में खाद आ गई है लगभग यहां 350 टन खाद का उठाव होता है जिसमें से लगभग 145 टन खाद किसानों के लिये उपलब्ध करवा दिया गया है। शीघ्र ही बुधवार गुरूवार तक खाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो जायेगा जैसा कि उच्च अधिकारियों से बात करने पर पता चला है। सरकार को किसानों की चिंता है सरकार चाहती है कि हमारे किसान भाई खाद के लिये परेशान न हो समय पर खाद की आपूर्ति कर दी जायेगी। सोसायटी समिति अध्यक्ष एवं उच्चधिकारियों से हुई बातचीत के बाद किसानों ने हस्त लिखित आवेदन जिला सहकारी बैंक छुरिया के मैनेजर संतोष शर्मा को दिया और अपनी यूरिया खाद संबंधी समस्या से अवगत कराया। अब देखना होगा कि इस अन्नदाता किसाना भाईयों की समस्या कितनी जल्दी हल हो पाती है। आज के इस धरना प्रदर्शन में छबीलाल यादव, बिसनाथ चंद्रवंशी, खिलावन साहू, साहेबदास साहू, मयाराम साहू, बलराम साहू, पदभूषण साहू वासूदेव, मुकेश, जगन्नाथ व क्षेत्र के अन्य किसान मौजूद रहे।

# मध्यान्ह भोजन की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

■ **जूठा भोजन परोसने वाली महिला समूह को हटाया गया**

**बलौदाबाजार,3 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चों को जूठा भोजन परोसने वाली महिला स्व सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन संचालन कार्य से पृथक कर दिया गया है। एस डीएम पलारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर में 28 जुलाई 2025 को मध्यान्ह भोजन की पकी हुई सब्जी को आवारा कुत्ते द्वारा जूठा कर देने तथा उक्त घटना की जानकारी बच्चों के द्वारा दिये जाने तथा शिक्षकों द्वारा भोजन नहीं परोसने हेतु कहने के बावजूद उक्त भोजन बच्चों को परोस देने की घटना की शिकायत मिली। इस शिकायत की जाँच हेतु अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में जांच टीम गठित कर जाँच किया गया। प्रारंभिक जांच में पाए गए तथ्य के आधार पर जय लक्ष्मी स्व सहायता समूह को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर में मध्यान्हभोजन संचालन से अस्थायी रूप से पृथक कर दिया गया है तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर में मध्यान्ह भोजन संचालन अस्थायी रूप से संस्था प्रमुख को सौंपा गया है। सभी बच्चों का ऐहतिहात के लिए वैक्सीनेशन भी कराया गया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधान पाठक को और संकुल समन्वय को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## एक नजर

### अणुव्रत समिति का शपथ ग्रहण समारोह

**रायपुर, 03 अगस्त।** छोटे-छोटे व्रतों/संकल्पों के माध्यम से सर्वधर्म के बीच सार्वभौमिक सिध्दांत के साथ में व्यवहारिकता का सोपान कराते नैतिक मूल्यों में सुधार कराने के साथ जीवन विज्ञान के माध्यम से जीवन को आदर्श बनाने जैन तेरापंथ धर्मसंघ के महानायक आचार्य श्री तुलसी की कृति अणुव्रत समिति जिसमें जैन ही नहीं अपितु सभी धर्मों का समायोजन होता है ऐसी पूरे भारतवर्ष में कार्यरत अपनी शाखाओं के माध्यम से जन जाग्रति का कार्य कर रही है तदर्थ उसकी रायपुर शाखा का आज दिनांक - 03/08/2025 रविवार को सुबह 9 बजे सदर बाजार स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में नव कार्यसमिति का वर्ष 2025-27 हेतु शपथग्रहण समारोह का आयोजन जैन तेरापंथ धर्म संघ के वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या समणी निर्देशिका कमल प्रज्ञा जी, समणी करुणा प्रज्ञा जी व समणी सुमन प्रज्ञा जी के सान्निध्य में किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रचार प्रसार प्रभारी वीरेंद्र डागा ने बताया कि वर्तमान नव मनोनीत अध्यक्ष श्री कनक चंद जैन ने आयोजित धर्मसभा के मध्य अपनी कार्यसमिति की घोषणा करने के साथ ही आगामी कार्यक्रम व योजनाओं के विषय में उपस्थित समाजजनों को बताया। विराजित समणी वृंद ने मंगलकामना व्यक्त करते हुए नव कार्यसमिति को आध्यात्मिक शुभकामनाएं दी।

### चाकू लेकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार




**राजनांदगांव, 03 अगस्त।** एक व्यक्ति रानीसागर के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वाले आम जनता को डरा धमका रहा है, कि सूचना पर मौके पर पहुँचकर आरोपी सचिनदास मानिकपुरी पिता कमलेश मानिकपुरी निवासी ढीमरपारा राजनांदगांव को घेराबंदी कर पकड कर आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी सचिन दास मानिकपुरी पिता कमलेश मानिकपुरी निवासी ढीमरपारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्व थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 24/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट एवं इस्तगाश क्रमांक 119-255/2025 धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस दर्ज है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि0 नरेश सार्वा, सउनि. मनमोहन सिंह, आरक्षक कीर्तन अहीर, मुंजलाल ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

### लोन वसूली, मारपीट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा-बलौदाबाजार।** प्रार्थी नंदू सेन निवासी बया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.07.2025 को बजाज फाइनेंस कंपनी पिथौरा के लोन वसूली करने वाले आरोपी राजकुमार पटेल अपने अन्य दो साथियों के साथ बया आकर लोन की किस्त पटाने की बात कहकर जोर जबरदस्ती से अपने दोनों साथियों के साथ प्रार्थी को मोटरसाइकिल में बिठाकर एक अज्ञात घर के कमरे में ले जाकर बंद कर डंडा, बेल्ट और हाथ मुक्का से और 03 साथी बुलाकर मारपीट किए हैं। कि रिपोर्ट पर चौकी बया थाना राजादेवरी में अपराध प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी बया पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी राजकुमार पटेल एवं योगेश सिन्हा को पकडकर हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपगयों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फाइनेंस कंपनी की वसूली के नाम पर प्रार्थी के साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, मारपीट में इस्तेमाल बेल्ट एवं बाल काटने की कैंची तथा दोनों आरोपियों के मोबाइल को जप्त किया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 02.08.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### उप मुख्यमंत्री करेंगे विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 03 अगस्त।** नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार अंतर्गत गार्डन चौक में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी (पूर्व प्रधानमंत्री) की नवनिर्मित प्रतिमा का लोकार्पण तथा नालंदा परिसर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह 3 अगस्त 2025 को नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा करेंगे।

# छत्तीसगढ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न



**रायपुर, 03 अगस्त।** 2 अगस्त दिन शनिवार 2025 को चेम्बर कार्यालय-चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले वर्कप्लेस विजडम और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई तत्पश्चात एडवाइजर श्री अजय पाल सिंह ने व्यापारियों के व्यापार जगत से जुड़े हुए सवालों के जवाब दिए। महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉक्टर इला गुप्ता का प्रबोधन शुरू हुआ।

तत्पश्चात महिला विंग के सदस्यों का पदभार ग्रहण समारोह का आरंभ हुआ। छत्तीसगढ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा 2 अगस्त, शनिवार को हमारे सपने थीम के तहत पदभार ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिनको पद प्रभार मिला उनके नाम क्रमशः हैं:- संरक्षक- मीनाक्षी टुटेजा, फुलवासन बाई यादव, अध्यक्ष- डॉ. इला गुप्ता, महामंत्री- मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष- नम्रता श्रीकांत अग्रवाल,कार्यकारी अध्यक्ष-मंजूषा पटले, मधुबाला सिंह, विकासीय सलाहकार- ऋतु जैन, मंजूषा परियल, प्रबंधक- स्वाति सोनी, मनीषा सिंह, संपादक मीडिया प्रभारी- सुनीता पाठक, यूथ प्रभारी- सुनिधि पांडे, सामाजिक सलाहकार-सुमन मुथा, रायपुर प्रभारी-स्वप्निल मिश्रा,वित्तीय सलाहकार-सोमा घोष, हेमल बेन शाह, राजनीतिक सलाहकार- प्रीति उपाध्याय, गायत्री केसरवानी,सांस्कृतिक प्रभारी-सविता गुप्ता, ऐश्वर्य तिवारी, प्रीति मिश्रा, उपाध्यक्ष- देवयानी पांडे, पल्लवी चिमनानी, सुनीला अग्रवाल, कांता धीमान, ऋचा ठाकुर,रश्मि वाधवा,डिंपल खट्टर,हर्षिला शर्मा,विनीता शुक्ला,सपना द्विवेदी, मंत्री-नीतू नंदवानी रावत, रीना जोतवानी, रचना जैन, नेहा खेमका,शीलम झुनझुनवाला, मंजू जैन।

# कविता दिल से पर केंद्रित शानदार काव्य गोष्ठी

## कौशल काव्य धारा की अनूठी प्रस्तुति




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 03 अगस्त।** साहित्यिक संस्था 'कौशल काव्य धारा 'द्वारा वृंदावन हॉल में ÷दिल की बातें' पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी में हिंदी के मशहूर व्यंग्यकार गिरीश पंकज मुख्य अतिथि, आचार्य अमरनाथ त्यागी तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माणिक विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि थे.सर्वप्रथम मां शारदा की पूजा-अर्चना उपरांत कवित्री सुषमा पटेल द्वारा वंदना की प्रस्तुति की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ जे के डागर विद्यासागर, संरक्षक विजय मिश्रा 'अमित' ने अतिथियों का स्वागत किया. गोष्ठी का मोहक संचालन सुनील पांडे द्वारा किया गया.

**डॉ. माणिक नवरंग ने ग़ज़ल सुनाई-**

दर्द के आंकड़े रह गये
हम खड़े के खड़े रह गये
देख के मोतियों की लड़ी
पत्थरों में ही पड़े रह गये

डॉ जे के डागर-

यूं ही कोई किसी को भी छोड़ता नहीं
खून औ जिगर के रिश्ते तोड़ता नहीं
खुद ब खुद मुड जाती है तकदीर से
तूफ़ाँ की ओर कश्ती को मोड़ता नहीं

**सुनील पांडे ने सुनाया -**

दिल से दिल को सरोकार होता है
ख्यालों में किसी के गुलजार होता है

**विजय मिश्रा ने पढ़ी-**

दहकती हुई आग में तड़कती हुई चूड़ियां,
महिला मजदूरों के पावं की फटती हुई एड़ियां,
देखकर कैसे कह दूं कि जिंदगी है बढ़िया।

गोष्ठी में डॉ महेंद्र ठाकुर, रवि देवांगन, यशवंत यदु ,राजेंद्र ओझा,जोशीला,मुन्ना लाल यदु, राजेन्द्र रायपुरी, शिवानी मैत्रा ने काव्य पाठ से वाहवाही लूटी।

डॉ विजय मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

# ऑपरेशन बाज के तहत पेशेवर गैंग पर मुंगेली पुलिस का कड़ा प्रहार

**मुंगेली, 03 अगस्त।** जिला मुख्यालय मुंगेली के पृथ्वीग्रीन में चोरी की वारदात में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन पर मुंगेली पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा अज्ञात चोर की पता तलाश करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली श्री मयंक तिवारी एवं उप पुलिस अधीक्षक पथरिया/लोरमी श्री नवनीत पाटिल के नेतृत्व में नगर के पृथ्वीग्रीन में हुये चोरी के आरोपियों एवं माल मशरूका की पता तलाश करने हेतु में पुलिस की अलग-अलग टीम गठित शीघ्र कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.07.2025 को प्रार्थी आयुष राम पिता सुनील कुमार राम ग्राम बुचुवाकापा जरहागांव मुंगेली हाल पृथ्वीग्रीन कालोनी फेस-1 मुंगेली जिला मुंगेली का दिनांक 27.7.2025 को लिखित आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया की पृथ्वीग्रीन कालोनी फेस-1 में पिछले 01 माह से सत्येन्द्र बर्मन के मकान में किराये पर रहता है। दिनांक 26.07.2025 को 8:00 बजे रात्रि प्रार्थी अपने पत्नी व छोटी बच्ची 02 वर्ष को लेकर घर में ताला लगाकर जिला अस्पताल मुंगेली चले गये थे और दिनांक 26.07.2025 को सुबह करीबन 8.15 बजे वापस डयूटी कर घर आये तो मेनगेट का ताला लगा हुआ था। गेट का ताला खोलकर अंदर गये तो कमरे का दरवाजा का ताला टुटा हुआ और कमरे के अदंर आलमारी खुला हुआ था। आल्मारी में रखे घर बनाने के लिये रकम 24,50,000 रू एवं पत्नी का सोने का नेकलेस, चैन चुडी, अगुठी, कान का बाली, झुमका तथा चांदी के पायल बिछिया चुड़ी को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। कुल 29 लाख 80 हजार रू चोरी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 339/25 धारा 331(4)305(ए) बी0एन0एस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार इसी रात प्रार्थी त्रिभुवन लाल यादव पिता सुमन लाल यादव उम्र 42 वर्ष निवासी पालचुवा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के घर ताला तोडकर 02 बिछिया व 1000 रूपये नगदी चोरी होने लिखित रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध क्रमांक 340/25 धारा 331(4), 305(ए) बी0एन0एस पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। टेक्निकल असिस्टेंस सीसीटीव्ही अवलोकन आरोपियों के भागने के संभावित प्रत्येक मार्ग पर तलाश हेतु विभिन्न टीमों को सक्रिय किया गया। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान घटनास्थल के आसपास के घरो में एवं मोहल्लो में लगे सीसीटीव्ही कैमरों का लगातार अवलोकन कर प्रत्येक वाहनों का मूवमेंट मॉनिटरिंग करते हुये शॉर्ट लिस्ट तैयार कर प्राईम सस्पेक्ट के तौर पर 02 मोटर सायकल एवं 01 चारपहिया वैगर-आर वाहन को चिन्हाकिंत कर उक्त तीनों वाहनों को ट्रैक करते हुये वाहन एवं वाहन स्वामी के संबंध में जानकारी जुटाया गया।

# सुरेश वर्मा को भाजपा शहर मंडल महामंत्री बनाये जाने पर समर्थकों में खुशी



**तिल्दा-नेवरा, 03 अगस्त।** सुरेश वर्मा लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कार्यरत है । अंततः पार्टी नेतृत्व ने सुरेश वर्मा पर भरोसा जताया। इस नियुक्ति पर लोगों ने विभिन्न माध्यमों से बधाइयां उन्हें दी हैं। कई लोगों ने फोन कॉल के जरिए भी बधाई दी। स्थानीय लोग उनके घर जाकर व्यक्तिगत रूप से मिले और शुभकामनाएं दीं। सुरेश वर्मा का भाजपा से लंबा अनुभव रहा है। वह इससे पहले भी पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी है।। लोगों के बीच वे काफी लोकप्रिय हैं। सभी तबकों में उनकी लोकप्रियता बरकरार है। तिल्दा नेवरा भाजपा शहर मंडल महामंत्री बनाये जाने पर भाजपा नेता सुरेश वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ,भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय सांसद बृज मोहन अग्रवाल , संभाग प्रभारी सौरभ सिंह भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्याम कुमार नारंग और तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ भाजपा नेताओं , पदाधिकारियों ,तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए, सुरेश वर्मा ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए वे संगठन के आभारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे। सुरेश वर्मा को तिल्दा नेवरा भाजपा शहर मंडल महामंत्री बनाये जाने पर शहर के सभी वर्गों में खुशी का माहौल है भाजपा के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की हैं।

# जीवन में सफलता पाने आत्मविश्वास और प्रेरणा की जरूरत : डॉ. लाल उम्मेद सिंह



**रायपुर, 03 अगस्त।** सपना देखो,सपना देखना गलत नहीं हैं लेकिन सपनों को जीने की हिम्मत रखो। जीवन में सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास और प्रेरणा की जरूरत होती है। किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति लगन व कड़ी मेहनत से ही हासिल किया जा सकता है। माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला बुढ़ापारा में आयोजित प्रेरणा पाठशाला कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करके उच्च लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने खुद अपने जीवन के प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बताया कि कैसे उन्होंने गांव की छोटी सी सरकारी स्कूल से प्राइमरी शिक्षा ग्रहण करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। डॉ.लाल उम्मेद सिंह ने कहा, सपना देखा, सपनों को जीने की हिम्मत रखो। जीवन में सफलता पाने के लिए आत्मविश्वास और प्रेरणा की जरूरत होती है।उन्होंने विद्यार्थियों को शॉर्टकट मार्ग अपनाने से बचने की सलाह दी और कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और मेहनत आवश्यक है।

# शंकालु प्रवृत्ति छोड़ने पर ही श्रद्धा जागृत होगी : मनीष सागर जी महाराज



**रायपुर, 3 अगस्त।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में शनिवार को चातुर्मासिक प्रचवनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि जीवन का एक लक्ष्य स्वयं को पहचाना जरूर होना चाहिए। इसे तमाम शंकाओं का निराकरण करके समझेंगे तभी श्रद्धा पैदा होगी। शंकालु प्रवृत्ति छोड़ने पर ही श्रद्धा जागृत होगी। जहां शंका होती है,वहां मैत्री भाव को हटाकर ईर्ष्या और जलन पैदा करती है।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि शंका को हटाकर,मोह को हटाकर चिंतन करना आवश्यक है,तभी ज्ञान भीतर आएगा। तभी सत्य तक पहुंचेंगे। ज्ञान पर श्रद्धा होगी तो वही सत्य तक ले जाएगी। यही श्रद्धा मोक्ष तक पहुंचाएगी। प्रतिदिन प्रवचन में आप जितना सुनते हो उस पर चिंतन करना जरूरी है,तभी सत्य की प्राप्ति होगी। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि यदि हमें हमारी प्रवृत्ति को अच्छा बनाना है तो हमारी वृति को अच्छा बनाना होगा। यदि हमारी प्रवृत्ति गलत चल रही है तो हमें वृति को सुधारना पड़ेगा। जब जीवन के अनेक प्रसंगों से गुजरते हैं तो भीतर के वृत्ति में भिन्नता समझ में आती है। जो शंकालु प्रवृत्ति का होता है उसे समझाना बहुत मुश्किल होता है। जो श्रद्धालु प्रवृत्ति का होता है उसे समझाना भी सरल है और वह समझना भी चाहता है। श्रद्धालु को समझाने वाले के प्रति समर्पण होता है।

### उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 20 तक आवेदन

**दंतेवाड़ा, 03 अगस्त।** अनुविभागीय अधिकारी गीदम के द्वारा विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेकरका, हारला, बुधपदर, नेलगोड़ा, हिरानार-02, माड़पाल, सियानार, हारम-02 बड़ेपनेड़ा, कारली-02 में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किए जाने हेतु दुकान आबंटन किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए दुकान संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी से 20 अगस्त 2025 तक शाम 5 बजे आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# सामुदायिक भवन, मंच एवं रोड नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 03 अगस्त।** हमारे कार्यकाल के प्रथम चरण में वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह व सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृति अनुसार शहर के 51 वार्डो में विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे है। विकास कार्य कडी में वार्ड नं. 28 मठपारा में एवं तालाब के पास 10-10 लाख रूपये की लागत से दो सामुदायिक भवन, 4.50 लाख रूपये की लागत से मंच निर्माण, मठपारा में 15 लाख रूपये की लागत से रोड एवं नाली निर्माण तथा पार्षद निधि से 3 लाख रूपये की लागत से चबुतरा व शेड निर्माण, इसी प्रकार वार्ड नं 30 कंचन बाग विश्वकर्मा मंदिर के पास 15 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, शिवनाथ कालोनी में 1.50 लाख रूपये की लागत से मंच निर्माण, शांति विजय कालोनी के पास महापौर निधि से 3.50 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण कार्य किया जाएगा। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने उक्त बातो के अलावा कहा कि दोनो वार्ड में निर्माण कार्य कराने आज अलग अलग कार्यक्रम में पार्षदों एवं वार्डवासियो की उपस्थिति में भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य बहुत जल्द धरातल में दिखेगा और वार्डवासी इसका लाभ उठा सकेगे। आज मठपारा एवं कंचन बाग में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री राजेन्द्र रानू जैन व श्री डीलेश्वर प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद श्री शरद अमित कुशवाहा व श्री चंद्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद श्रीमती ओमकला कुशवाहा, श्री विजय राय,श्री शरद सिन्हा, श्री गप्पू सोनकर, श्री अरूण दामले व श्री विठ्ठल पटेल की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।

# आत्मिक सुख आध्यात्म से ही मिल सकती है : मुनि वीरभद्र

## जैन बगीचे में चल रहा है प्रवचन



**राजनांदगांव 3 अगस्त।** किसी भी पीड़ा को दूर करने के लिए किसी दूसरी बड़ी पीड़ा के बारे में सोंचो तो वह पीड़ा अपने आप दूर हो जाएगी। हम अगर नरक की वेदना को सामने में रखें तो हमारी सारी वेदना हमें छोटी लगने लगेगी। हम अपनी वेदना को भूल जाएंगे। उक्त उद्गार जैन संत श्री वीरभद्र (विराग) जी ने आज अपने नियमित प्रवचन में वयक्त किये। जैन बगीचे के नए हाल में प्रवचन देते हुए उन्होंने कहा कि आत्मिक सुख ही स्थाई सुख है। मानव जीवन में उतार-चढ़ाव तो आता ही रहता है, हम इससे ना घबराएं और आत्मिक सुख प्राप्ति की राह में बढ़ चले। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आत्मिक सुख आध्यात्म में है। हम हर क्रिया करते समय आत्म कल्याण की सोचकर क्रिया करें। भ्रांतियां अगर दिमाग में बैठ जाती है तो हम अच्छे काम को भी करने से डरने लगते हैं। मुनि वीरभद्र (विराग )जी ने कहा कि बीमार वही है जो आत्मा को छोड़ शरीर को मजबूत बनाने में लगा रहता है। आत्मा को मजबूत करने में यदि ध्यान दिया जाए तो व्यक्ति कभी बीमार ही नहीं होगा। दुनिया में हमारे साथ जो कुछ भी होता है, वह अपने कर्मों के कारण होता है। कोई भी व्यक्ति चाहे हमें सुखी कर सकता है या दुखी कर सकता है। दरअसल हम कठपुतली का जीवन जी रहे हैं। ऐसे कठपुतली वाला जीवन जीने से क्या फायदा? हमें स्वच्छंद और स्वाधीन जीवन जीने के लिए आध्यात्मिक कमान चाहिए ताकि हम आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ सके।

मुनि वीरभद्र विराग जी ने कहा कि जहां परिणाम ना मिले वहां अपने परिवार की समस्याओं या अन्य बातों को ना करें। परिवार की बात करने से लोग हमें हंसी का पात्र बनाते हैं। बच्चे बिगड़ते हैं तो इसका सारा दोष मां-बाप, दादा-दादी एवं अन्य परिजनों को जाता है जिन्होंने बच्चों को भौतिक शिक्षा तो दी किंतु आध्यात्मिक शिक्षा नहीं दी।संस्कार देने के मामले में भी वे पीछे रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय हमारे हाथ में है, इसलिए मन को निर्मल बनाएं और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़े। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।



# फ्रेंडशिप डे पर अनुपम खेर ने पुराने दोस्तों को किया याद

आज दुनिया भर में फ्रेंडशिप डे मनाया जा रहा है। ऐसा दिन जो दोस्ती को डेडिकेट किया जाता है। इसी मौके पर बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने भी सोशल मीडिया पर एक बेहद दिलचस्प और भावुक मैसेज शेयर किया। अपने इस मैसेज में उन्होंने जिंदगी में पैसों से ज्यादा कुछ सच्चे दोस्तों की अहमियत पर जोर दिया। चलिए आपको बताते हैं अनुपम के पोस्ट के बारे में।

**अनुपम खेर ने पुराने दोस्तों को किया याद**-अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुपम खेर ने लिखा कि जिंदगी में पैसे जमा करने की बजाय उन्होंने कुछ पुराने और सच्चे दोस्त बनाए हैं। यही वजह है कि वो आज भी कामयाबी के साथ एक्टिव हैं और जीवन के हर पड़ाव पर अपने दोस्तों का साथ महसूस करते हैं। उन्होंने इस खास दिन पर सभी को दोस्ती की बधाई देते हुए लिखा, 'मित्रता दिवस की शुभकामनाएं।'

**अनुपम की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट'**-हाल ही में अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' रिलीज हुई, जिसने उन्हें निर्देशक के रूप में भी एक बार फिर स्थापित किया है। ये फिल्म एक युवा लड़की की कहानी कहती है, जो अपने दिवंगत पिता, एक भारतीय सेना अधिकारी की प्रेरणा से सेना में शामिल होने का सपना देखती है। फिल्म को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है और इसे कान, न्यूयॉर्क, लंदन जैसे प्रमुख शहरों में भी प्रदर्शित किया गया। 'तन्वी द ग्रेट' में अनुपम खेर के साथ कई दिग्गज कलाकार जैसे बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, करन टेकर, शुभांगी दत्त और अरविंद स्वामी भी नजर आए हैं। फिल्म के निर्माताओं में एनएफडीसी और अनुपम खेर स्टूडियोज शामिल हैं।

**अनुपम ने लॉन्च की नई किताब**-इस फिल्म के साथ ही अनुपम खेर ने कुछ दिन पहले अपनी नई किताब 'डिफरेंट बट नो लेस' भी लॉन्च की है। इस किताब के लॉन्चिंग कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई दिग्गज कलाकार जैसे महेश भट्ट, बोमन ईरानी, गजराज राव, लेखक अमीश त्रिपाठी और अनुपम खेर की माता जी शामिल हुईं।

# 'मेरी जिंदगी एक फिल्म है' : धर्मेंद्र

वेटरन अभिनेता धर्मेंद्र जल्द ही फिल्म 'मैंने प्यार किया फिर से' में नजर आने वाले हैं, जिसमें उनके साथ अरबाज खान भी दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। अमर उजाला से खास बातचीत में 89 वर्षीय धर्मेंद्र ने न सिर्फ अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बताया, बल्कि अपनी फिटनेस रूटीन, बेटों सनी और बॉबी के साथ रिश्ते, सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट्स की वजह और फैंस से मिले बेइंतहा प्यार को भी बेहद दिल से साझा किया।

### अरबाज के साथ काम करना जैसे वक्त को पीछे ले जाना था

बात की शुरुआत उनकी फिल्म से हुई, जिसमें वह अभिनेता अरबाज खान के साथ नजर आएंगे। धर्मेंद्र मुस्कराते हुए बताते हैं, 'अरबाज के साथ पिछली बार 'प्यार किया तो डरना क्या' में काम किया था। तब वो बिलकुल नया था। अब इतने साल बाद जब फिर साथ काम किया, तो ऐसा लगा जैसे वक्त वापस घूमकर वहीं ले आया हो। उसमें अब समझ और अनुभव आ गया है, लेकिन उसकी सादगी और सम्मान अब भी वैसे ही हैं। काम करते हुए ऐसा लगा जैसे कोई पुराना रिश्ता फिर से जी उठा हो।'

### ये सिर्फ प्रेम कहानी नहीं है


फिल्म को लेकर धर्मेंद्र का मानना है कि यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें रिश्तों की गहराई है। अपनापन है, भरोसा है, जो आजकल कम देखने को मिलता है। मुझे इस फिल्म में काम करके ऐसा लगा जैसे मैंने खुद से दोबारा प्यार किया हो।

### मेरे बच्चे सिर्फ वारिस नहीं मेरी रूह के हिस्से हैं

बच्चों की बात पर धर्मेंद्र भावुक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने बच्चों से बहुत कुछ कहे बिना भी जुड़ा रहता हूं। जानता हूं कि वे समझदार हैं, मेहनती हैं और अपने रास्ते खुद बना रहे हैं। मैं बस चुपचाप उनके लिए दुआ करता हूं। जब उन्हें पर्दे पर देखता हूं या उनकी कोई बात सुनता हूं, तो ऐसा लगता है कि मेरी जिंदगी का सफर अभी भी चल रहा है, उनके कदमों में, उनके फैसलों में। जो सपना कभी मैंने देखा था, अब वो मेरी अगली पीढ़ी जी रही है। यही सबसे बड़ी तसल्ली है। हम सिर्फ पिता-पुत्र या पिता-पुत्री नहीं हैं, हम एक-दूसरे के हमसफर हैं।

### 89 की उम्र में भी मैं जिंदगी को उसी जोश से जीता हूं

89 साल की उम्र में भी धर्मेंद्र की ताजगी और सादगी देखने लायक है। वह आज भी काफी एक्टिव रहते हैं और जिंदगी को पूरे जोश के साथ जीते हैं। जब उनसे पूछा गया कि इस उम्र में भी वो इतने फिट और एनर्जेटिक



कैसे हैं, तो वह मुस्कराकर बोले, 'मैं एक किसान का बेटा हूं। खेत की मिट्टी सिर्फ हाथों पर नहीं, दिल पर भी असर करती है। उसी मिट्टी से मुझे जड़ें मिली हैं, सादगी मिली है। आज भी जब मैं फार्महाउस पर होता हूं, तो गायों से बातें करता हूं, उनके नजदीक बैठता हूं, पेड़ों की छांव में कुछ पल गुजारता हूं। वहां मुझे चैन मिलता है।'

### रोज आलाप, योग ही मेरी असली दवा है

धर्मेंद्र आगे बताते हैं कि मैं रोज 'आलाप' की प्रैक्टिस करता हूं ताकि मेरी आवाज की पकड़ बनी रहे, वो भी एक तरह की साधना है। योग करता हूं, हल्की-फुल्की कसरत भी करता हूं और सबसे जरूरी बात, मैं खुद को हमेशा खुश रखने की कोशिश करता हूं। मन और तन दोनों को शांत और सक्रिय रखना मेरी जिंदगी की आदत बन चुकी है। यही मेरी असली दवा है, जो मुझे हर दिन जिंदा और तरोताजा बनाए रखती है।

### अब सोचता हूं दिल की बातों को एक किताब या वीडियो में कहूं

धर्मेंद्र की शायरी और सोशल मीडिया पोस्ट लोगों को बहुत छू जाती हैं। इस पर वह मुस्कराकर कहते हैं, 'जो बातें दिल में रह जाती हैं, वो ही अल्फाज बनकर बाहर आती हैं। कभी कोई याद, कभी अधूरी ख्वाहिश या बस कोई एहसास। अब सोचता हूं कि इन्हें एक किताब का रूप दूं, या वीडियो में बोलकर लोगों से बाटूं। शायद जब ये शब्द बाहर आएंगे, तो दिल हल्का हो जाएगा।'

### 'शोले' की वो शूटिंग आज भी दिल में जिंदा है

पुरानी फिल्मों की बात आते ही धर्मेंद्र थोड़ी देर के लिए जैसे किसी और समय में लौट जाते हैं। 'शोले' को याद करते हुए उनकी आवाज में एक खास अपनापन आ जाता है। वो मुस्कराकर कहते हैं कि एक सीन था जिसमें भगवान की मूर्ति के पीछे माइक छिपाकर डायलॉग बोलना पड़ा। उस जमाने में साधन बहुत सीमित थे, लेकिन दिल में जुनून और ईमानदारी भरपूर थी। शायद यही वजह है कि वो फिल्म आज भी लोगों के दिलों में उसी शिद्दत से जिंदा है, जैसे पहले दिन थी।

### धर्मेंद्र ने बताए अपनी जिंदगी के खूबसूरत पल

अगर उनकी जिंदगी पर कोई फिल्म बने, तो उसमें कौन-से लम्हे जरूरी होंगे? इस पर धर्मेंद्र साफ दिल से कहते हैं, 'जब मैं बंबई आया था, जेब में कुछ नहीं था लेकिन आंखों में सपने थे। फिर वो दिन, जब मैंने पहली बार खुद को बड़े परदे पर देखा। सबसे खूबसूरत पल तब आया जब मेरे बच्चों ने अपने रास्ते चुने और मैंने उन्हें कलाकार बनते देखा। मेरी पूरी जिंदगी इन्हीं पलों में बसती है। मेरी जिंदगी ही एक फिल्म समान है।'

### मेरे फैंस सिर्फ ऑडियंस नहीं, परिवार हैं

अपने चाहने वालों की बात करते हुए धर्मेंद्र की आवाज में बेहद अपनापन आ जाता है। उन्होंने एक याद साझा की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि मुझे ऐसे लोग मिले, जो मुझे सिर्फ एक्टर नहीं, अपना मानते हैं। एक फैन ने हाल ही में मुझे अपने पास संभालकर रखे टिकट दिखाए - 'शोले' के, गंगा थिएटर के, 3.30 रुपये, 2.20 रुपये, 1.65 रुपये वाले क्लास के। वो बोला, सर, ये मेरी दौलत है।



# सोनाली बेंद्रे ने बताया सफल शादी का राज, बोलीं- सम्मान सबसे जरूरी

अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे इन दिनों पति-पत्नी और पंगा को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने बताया कि शादी को कामयाब बनाने के लिए पति-पत्नी दोनों को रोजाना अपने रिश्ते पर ध्यान देना चाहिए। इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिश्ता तभी मजबूत रहता है जब दोनों मिलकर इसको सहेजते हैं।

सोनाली ने कहा, आज के यंग कपल्स को सलाह देना मुश्किल है, क्योंकि वे मानते हैं कि उन्हें सब कुछ पहले से पता है। उनके पास इंटरनेट है। गूगल और चैटजीपीटी जैसे टूल्स हैं, जो हर सवाल का




जवाब फौरन दे देते हैं। इसलिए, वे किसी की भी सलाह को गंभीरता से नहीं लेते, और उन्हें सलाह देने की कोशिश करने वाले अक्सर नाकाम हो जाते हैं। सोनाली बेंद्रे ने अच्छी शादी का राज बताते हुए कहा, मेरे हिसाब से शादी ऐसी चीज है, जिसमें रोज थोड़ी-थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसे कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। दोनों पति-पत्नी को मिलकर इस रिश्ते पर काम करना होता है और साथ ही एक-दूसरे का सम्मान करना बहुत जरूरी है। बेंद्रे ने बताया कि शादी एक ऐसा रिश्ता है जो बराबरी और आपसी साझेदारी पर टिकता है। उन्होंने कहा, जरूरी नहीं कि हर काम में हम एक जैसे हों, लेकिन हमारी खूबियां एक-दूसरे की खामियों को पूरा करें। अब मुझे कुछ चीजें अच्छे से आती हैं, और कुछ मेरे पति को, तो हम अपनी जिम्मेदारियां उसी हिसाब से बांटते हैं। शादी का मतलब है एक-दूसरे का साथ। वक्त के साथ समझ आता है कि कभी-कभी आप ज्यादा समझौता करते हैं, और कभी आपका पार्टनर करता है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। बराबरी का मतलब हर छोटे काम में बराबरी नहीं बल्कि लंबे सफर में एक-दूसरे की इज्जत और परवाह सबसे जरूरी है। यानि शादी में हर चीज बराबर नहीं होती, लेकिन प्यार, सम्मान और सहयोग सबसे अहम होते हैं।

सोनाली बेंद्रे मानती हैं कि इंटरनेट अपने साथ दुनिया और रिश्तों में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने कहा, अब बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है। पहले एक जेनरेशन बदलने में 20–25 साल लगते थे, लेकिन अब ऐसा लगता है कि हर 3 साल में चीजें बदल जाती हैं। सब कुछ एकदम उल्टा हो गया है। इंटरनेट ने लोगों के जीने और जुड़ने के तरीके ही बदल दिए हैं।

बता दें, अभिनेत्री कलर्स टीवी के नए शो पति, पत्नी और पंगा में नजर आएंगी। इस शो में सोनाली के साथ कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी भी को-होस्ट के रूप में होंगे।



# नेशनल अवॉर्ड मिलने के बाद रानी मुखर्जी ने सिद्धिविनायक के किए दर्शन

30 साल के लंबे सिनेमाई करियर में अभिनेत्री रानी मुखर्जी को पहली बार बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। इस पुरस्कार को पाने के बाद अभिनेत्री मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन करने पहुंची और आशीर्वाद लिया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। शुक्रवार को अभिनेत्री रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला। इसके बाद शनिवार को अभिनेत्री मुंबई स्थित भगवान श्री गणेश के प्रसिद्ध मंदिर सिद्धिविनायाक पहुंची और दर्शन किया, जिसकी कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है की रानी मुखर्जी हाथ जोड़कर खड़ी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने नीला सूट पहन रखा है उन्होंने लाल रंग की शॉल भी ओढ़ी हुई है। साथ ही उनके माथे पर तिलक भी लगा है।

**रानी मुखर्जी को पहली बार मिला राष्ट्रीय पुरस्कार**-रानी मुखर्जी को 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में उनकी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला, जिसमें उन्होंने एक मां की भूमिका निभाई थी, जो अपने बच्चों को वापस घर लाने के लिए संघर्ष करती है। आपको बताते चलें कि यह फिल्म सागरिका चक्रवर्ती के वास्तविक जीवन पर आधारित है, जिनके बच्चों को 2011 में नॉर्वे सरकार ने ले लिया था। यह बहुत ही शानदार फिल्म है, जिसे 2023 में रिलीज किया गया था।

**एक नजर रानी मुखर्जी के करियर पर**-रानी मुखर्जी ने अपने 30 साल लंबे फिल्मी सफर के दौरान कई शानदार फिल्में की हैं। एक्ट्रेस ने 'कुछ कुछ होता है', 'मुझसे दोस्ती करोगी', 'हम तुम', 'चलते चलते', 'मर्दानी', 'हिचकी', 'ब्लैक', 'तलाश' जैसी कई जबरदस्त फिल्मों में अभिनय किया है।

# अवनीत कौर ने फ्रॉक पहन दिखाईं कमसिन अदाएं हर एक तस्वीर पर फैंस की अटकी निगाहें

एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ साझा करती नजर आ जाती हैं. अवनीत कौर जल्द ही लव इन वियतनाम फिल्म में नजर आएंगी. हाल ही में उन्होंने लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें अवनीत पिंक कलर का शॉर्ट आउटफिट पहनकर कमसिन अदाएं दिखा रही हैं. अवनीत की यह तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं.

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अवनीत कौर वन शॉल्डर पिंक कलर का फ्रॉक पहनें दिख रही हैं. फोटो में वह पार्क के बीच खड़ी होकर पोज दे रही हैं. इन तस्वीरों में अवनीत कौर नेचर के बीच एंजॉय करती दिख रही हैं. फोटो में वह अपनी क्यूट स्माइल से फैंस के दिलों को ढेर कर रही हैं. बता दें कि अवनीत कौर की यह तस्वीरें लंदन की हैं. इन फोटोज में अवनीत बला की खूबसूरत लग रही हैं और लोग उनकी खूबसूरती की जमकर तारीफ कर रहे हैं. इन तस्वीरों में अवनीत कौर अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करते दिख रही हैं. एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर एक यूजर ने लिखा, आप हर ड्रेस में कमाल लगती हो. तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, आपकी स्माइल बहुत क्यूट है.

इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए अवनीत कौर ने कैप्शन में लिखा, हमारा नया सॉन्ग बड़े दिन हुए लव इन वियतनाम से, आपको कैसा लगा. अवनीत की इन तस्वीरों को अब तक हजारों की संख्या में लाइक्स मिल चुके हैं. इस आउटफिट के साथ अवनीत कौर ने अपने हाथों में पिंक कलर का बैग ले रखा है. इस फोटो में अवनीत पीछे मुड़कर पोज देती दिख रही हैं. इस तस्वीर में अवनीत कौर अपने बालों को झटकते हुए पोज दे रही हैं. इस आउटफिट के साथ उन्होंने सटल मेकअप किया हुआ है, जो लुक में चार चांद लगा रहा है.



# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम की अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर तेहरान के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. मेकर्स ने तेहरान का धमाकेदार ट्रेलर जारी किया है. यह फिल्म भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्ट्रीम होगी.

जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म तेहरान में एक तेज-तर्रार दिल्ली पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक विदेशी में बिना रोक-टोक के मिशन पर है. इस फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार को जारी किया गया है.



शुक्रवार को जॉन अब्राहम ने इंस्टाग्राम पर तेहरान का ट्रेलर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, क्या वो देशभक्त था? या गद्दार? इस स्वतंत्रता दिवस पर सच्चाई सामने आ रही है. तेहरान का ट्रेलर अब रिलीज. 14 अगस्त को जी5 पर प्रीमियर.

ट्रेलर की शुरुआत 13 फरवरी 2012 की एक घटना होती है. बैकग्राउंड में वैश्विक घटना, जो तीन देशों में हुए हैं, के बारे में सुना जा सकता है. तीन धमाके हुए हैं. अधिकारियों को शक है कि यह एक आतंकवादी हमला है फिर आते हैं दिल्ली पुलिस के राजीव कुमार, जिनका किरदार जॉन अब्राहम ने निभाया है.

जॉन अब्राहम अंतरराष्ट्रीय जासूसी के खतरनाक जाल में फंसे एक दृढ़ निश्चयी ऑपरेटिव की भूमिका में शानदार प्रदर्शन करते हैं. ट्रेलर में मानुषी छिल्लर की भी झलक दिखाई गई है.ट्रेलर के दमदार फाइट सीन, धमाकेदार पीछा करने वाले दृश्य और दिल को छू लेने वाला बैकग्राउंड स्कोर एक जबरदस्त कहानी की शुरुआत करते हैं.

तेहरान एक एक्शन थ्रिलर है, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है. यह 1977 के तेहरान तख्तापलट से पहले के तनावों पर केंद्रित है. फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और मधुरिमा तुली भी हैं. इस फिल्म को पहले 2023 में रिलीज किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया और अब यह 14 अगस्त को जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है.

## एक नजर

### पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा निःशुल्क आवासीय शिक्षा का लाभ

**नारायणपुर, 03 अगस्त।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों हेतु नवीन योजनाष् अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा पांचवी में अच्छे प्राप्तांको एवं मेरीट के टॉप-10 में उत्तीर्ण हुये है, उन छात्र छात्राओं को काउंसलिंग में चयन के पश्चात उक्त योजना का लाभ प्रदाय किया जायेगा। उक्त योजना में समस्त शुल्क जैसे प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तक कॉपी, छात्रावास एवं भोजन का शुल्क मंडल द्वारा आवासीय विद्यालयों को प्रदाय किया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमिक 01 वर्ष पूर्व निर्माण श्रमिक के रुप में पंजीकृत हो एवं प्रथम दो बच्चों हेतु पात्रता होगा। चयनित आवासिय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश दिलाया जाकर कक्षा बारहवी तक की कक्षाओं में निः शुल्क अध्ययन का अवसर प्रदाय किया जायेगा, जिसके लिए हितग्राही का जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड पत्र की प्रति, छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, छात्र छात्रा का आधार कार्ड की प्रति, छात्र छात्रा का पूर्व कक्षा में उर्तीण होने की अंकसूची की प्रति, छात्र छात्रा का वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति, छात्रा छात्रा का पिछली कक्षा की टी.सी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) केवल प्रवेश सुनिश्चित होने के पश्चात, स्व घोषणा प्रमाण पत्र, छात्र छात्रा का आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। श्रमिक स्वयं के द्वारा या मोबाइल एप के माध्यम से श्रम संसाधन केन्द्र एवं किसी भी नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### कौशल तिहार प्रतियोगिता के विजेताओं का कलेक्टर ने किया सम्मान



**कोण्डागांव, 03 अगस्त।** कौशल तिहार 2025 प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गत दिवस जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के द्वारा प्रमाण पत्र एवं ट्राफी प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि युवाओं के तकनीकी कौशल को निखारने, प्रतिस्पर्धात्मक मंच देने और उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए हुनरमंद बनाने के लिए राज्य शासन के कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा इस पहल की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत जिला कौशल विकास विभाग कोण्डागांव द्वारा कौशल तिहार 2025 के तहत 21 से 23 जुलाई तक लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोण्डागांव में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न सेक्टर जैसे आटोमोटिव टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रीशियन इंस्टॉलेशन, फील्ड टेक्नीशियन इलेक्ट्रानिक्स एवं प्लम्बिंग सेक्टर अंतर्गत कुल 87 हितग्राहियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 22 वर्ष से कम आयु वर्ग के बीच एवं 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के बीच कराया गया था।

# कलेक्टर ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर जताई सख्ती

## साफ-सफाई और स्वास्थ्य परीक्षण को दी प्राथमिकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 03 अगस्त।** जिले के कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए छात्रावासों और आश्रमों की स्थिति पर गहरी चिंता जताई और अधिकारियों को मौजूद व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को चाहिए कि वे अपने यहां की पंजियों को समय पर अपडेट रखें। बच्चों का नियमित मेडिकल चेकअप, और बीमार बच्चों के लिए अलग कक्ष की तत्काल व्यवस्था अनिवार्य की गई है।

इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि छात्र-छात्राओं के जरूरी दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जाए ताकि भविष्य में किसी योजना का लाभ लेने में कोई बाधा न आए। कलेक्टर ने बीते पांच वर्षों में छात्रों को प्रदाय की गई सामग्री का भौतिक सत्यापन करने को कहा, साथ ही स्टॉक रजिस्टर में हर वस्तु का लेखा-जोखा दर्ज करने को भी कहा। अनुपयोगी या मरम्मत योग्य सामग्री के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

मौसमी संक्रमण से बच्चों को सुरक्षित रखने हेतु परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव रोकने, खिड़कियों में जाली लगाने और स्वस्थ भोजन परोसने को प्रमुख प्राथमिकता दी गई। कलेक्टर ने कहा कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा और तय मीनू के अनुरूप ही भोजन तैयार होना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री भूपेंद्र अग्रवाल, सहायक आयुक्त श्री देवेंद्र सिंह, डीईओ श्री लखनलाल धनेलिया और सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोड़ला और पुसनार के जंगलों से तीन माओवादी गिरफ्तार

### प्रचार सामग्री और प्रिंटर जब्त



**बीजापुर, 03 अगस्त।** जिले में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। डीआरजी, कोबरा 201 व 202, और केरिपु 222 बटालियन की संयुक्त टीम ने थाना बीजापुर के अंतर्गत पेद्दाकोरमा और बोड़ला पुसनार के बीच जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाकर तीन सक्रिय माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए माओवादियों की पहचान कल्लू हपका, सुक्की हेमला और सोमा उईका के रूप में हुई है। सभी माओवादी संगठन में पार्टी सदस्य के तौर पर सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। पुलिस के अनुसार, ये तीनों 29 जुलाई को इसी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में भी शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों की निशानदेही पर सुरक्षाबलों ने जंगल में छिपाकर रखे गए माओवादियों के सामान को बरामद किया। इसमें माओवादी वर्दियां, पिट्ठू बैग, संगठन से संबंधित साहित्य, बेल्ट, पोच और एक रंगीन प्रिंटर भी शामिल है, जो कि प्रचार- प्रसार में उपयोग किया जाता था। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## लौहनगरी बचेली में 60 वर्ष पुराना टेलिंग डेम ढहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 03 अगस्त।** बचेली के वार्ड क्रमांक 08 पुराना मार्केट में स्थित टेलिंग डेम शनिवार दिनांक 02 अगस्त सुबह लगभग 10 से 10.30 बजे के बीच ढह गया जिससे जन जीवन में किसी प्रकार के हताहत तो नहीं हुई प्रंतु रामधर कश्यप निवासी चालकी पारा बचेली के ट्रक क्रमांक सी.जी के.यु 1900 जो की ठीक इसी डेम के नीचे लोडिंग प्लांट जाने वाली सड़क में खराब हों गई थीं , जो की मलबे की चपेट में आकर बुरी तरीके से फस गई थीं जिसे दो चेन माउंटिंग पोकलेन मशीन के सहयोग से 07 घंटे की कड़ी मसक्कत के बाद निकालाने में सफलता मिली विदित हों की बचेली में लगातार कुछ दिनों से भारी बारिश हों रही थीं। भारी बारिश के चलते मिट्टी से बनी एनएमडीसी की टेलिंग डेम जो की लगभग 60 वर्ष पूर्व बनाई गई थीं, जो की शनिवार दिनांक 02 अगस्त को ढह गया।





स्थानीय जन प्रतिनिधियों, एनएमडीसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा डेम के आस पास निवासरत लोगो को आपातकालीन दुर्घटना से सचेत रहने को कहा गया।

### उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 14 तक आवेदन

**दंतेवाड़ा, 03 अगस्त।** अनुविभागीय अधिकारी दंतेवाड़ा के द्वारा विकासखण्ड दन्तेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत झिरका, मुस्केल, डेगलरास, कुन्देली, बासनपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किए जाने हेतु दुकान आबंटन किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए दुकान संचालन हेतु इच्छुक एजेंसी यथा वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सरकारी समितियां, ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां,राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट, सार्वजनिक उपक्रम, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां एवं प्राथमिक कृषि शाख समितियां से 14 अगस्त तक शाम 5 बजे कार्यालयीन दिवस एवं समय में एसडीएम दंतेवाड़ा के कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

## पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, पुलिस टीम पर पथराव

**बलौदाबाजार, 03 अगस्त।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में पुरानी दुश्मनी को लेकर दो गुटों में हुई झड़प के बाद एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जबकि उसका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद जब पुलिस आरोपियों को पकड़ने पहुंची, तो ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, झबड़ी गांव के नानू उर्फत्रिलोक चंद कौशिक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वहीं, उसका दोस्त हेमचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह विवाद कुछ दिनों पहले झबड़ी और मडकड़ा गांव के दो गुटों के बीच हुई मारपीट का नतीजा है। उस समय मृतक नानू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मडकड़ा के लकी केवट और अजय केवट पर हमला किया था।

जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि उस समय पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी, जिससे दोनों गुटों के बीच तनाव बना हुआ था। बीती शाम, अजय और लकी केवट ने नानू और उसके दोस्त हेमचंद्र को अपने गांव के पास से गुजरते देखा। इसके बाद उन्होंने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत कसडोल के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने नानू को मृत घोषित कर दिया और हेमचंद्र को रायपुर रेफर कर दिया।

### आप के जिला अध्यक्ष ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सुकमा, 03 अगस्त।** आज आम आदमी पार्टी सुकमा के जिला अध्यक्ष श्री सुरेश कवासी जी ने अपने क्षेत्र में स्कूलों का निरीक्षण करते हुए ग्राम पंचायत पालेम के बोगामपारा प्राथमिक शाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से संवाद कर स्कूल की स्थिति और पढ़ाई को लेकर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की छत में लगी 3-4 सीटें टूट चुकी हैं, जिससे बारिश के दिनों में पानी टपकता है और छात्रों को बैठने एवं पढ़ाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो कक्षाएं बंद करनी पड़ती हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

## निक्षय मित्रों ने टीबी मरीजों को वितरित किए फूड बास्केट किट



**जगदलपुर, 03 अगस्त।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरिस एस के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा सभागार में टीबी मरीजों को रेडक्रॉस निक्षय मित्रों ने जनभागीदारी से प्रदत्त फूड बास्केट किट वितरित किए। यह किट वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप एवं उपाध्यक्ष बसंत कश्यप के हाथों किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 60 टीबी मरीजों को फूड बास्केट किट वितरित की गई। ये मरीज विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के निवासी थे, जिन्हें जनभागीदारी से एकत्र की गई सामग्री से तैयार की गई पोषण किट प्रदान की गई। रेडक्रॉस सोसाइटी का यह प्रयास टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में मदद करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## नारायणपुर की 2 बेटियों का छत्तीसगढ़ अंडर-15 स्टेट कैम्प में चयन



**नारायणपुर, 03 अगस्त।** जिले की दो आदिवासी बेटियां- मोनिका कुमेटी और गीतिका उसेंडी का चयन अंडर-15 महिला राज्य स्तरीय स्किल और ट्रेनिंग कैम्प के लिए हुआ है। यह कैम्प वर्तमान में राजधानी रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग कैम्प के उपरांत चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ राज्य अंडर-15 महिला टीम के लिए अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। खास बात यह है कि मोनिका कुमेटी इससे पहले पिछले वर्ष भी छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-15 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनका लगातार चयन यह दर्शाता है कि वे न केवल प्रतिभाशाली हैं, बल्कि मैदान पर मेहनत और अनुशासन के साथ प्रदर्शन भी कर रही हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नारायणपुर और जिला क्रिकेट संघ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विभाग ने यह भी कहा कि मोनिका और गीतिका की सफलता से जिले की अन्य बेटियों को भी क्रिकेट में भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

जहां एक ओर बस्तर को अक्सर संघर्ष, माओवाद और पिछड़ेपन से जोड़ा जाता रहा है, वहीं अब अबुझमाड़ जैसे सुदूर क्षेत्रों की बेटियाँ खेल जैसे क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं।

## शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई पंडित रविशंकर शुक्ल व विद्याचरण शुक्ल की जयंती



**जगदलपुर, 03 अगस्त।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व.पंडित रविशंकर शुक्ल जी एवं झीरम घाटी हमले में शहीद हुए भारत के पूर्व विदेश मंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्री रहे स्व.श्री विद्याचरण शुक्ल जी के जन्म जयंती सादगीपूर्ण मनाई गई। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य व कांग्रेस पदाधिकारियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी, कमलेश पाठक, अनुराग महतो, सायमा अशरफ माही श्रीवास्तव, सुनीता दास, नीतीश शर्मा, उस्मान रजा,रजत जोशी, खीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## नक्सल प्रभावित ग्राम पोंगाभेज्जी में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण

■ लोगों को मिल रहा है शुद्ध पेयजल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 03 अगस्त।** सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी में नियद नेल्लानार योजना के तहत जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम पंचायत के प्रत्येक घरों तक नल कनेक्शन के द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नलों से पेयजल सप्लाई शुरू होने से यहां के ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग पहले कभी सोचे नहीं थी कि हमारे गांव में नल से पानी आएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना के माध्यम से आज हमारे घर में नल लग चुका है, और शहरों के तर्ज में हमारे घर में नल से पानी आना किसी सपना के सच होने के समान है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इस कार्य की प्रशंसा की। जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2022 में कार्य प्रारंभ किया गया। विगत एक वर्ष से यहां पर पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से की जा रही है। ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम बोरगुड़ा, दुरगुड़ा, रबड़ीपारा और पोंगाभेज्जी में सोलर पानी टंकी का निर्माण कराया गया। पोंगाभेज्जी पंचायत के 235 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पानी पहुंच रहा है, और यहां के करीब 2 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

*नियद नेल्लानार योजना के तहत जल जीवन मिशन के द्वारा सोलर पानी टंकी का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत पोंगाभेज्जी में पूर्ण हो चुका है। 235 घरों में नल कनेक्शन लगाया गया है। विगत एक वर्ष से इस पंचायत के प्रत्येक घरों में पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।*

**- गौरव सोनकिया, एसडीओ पीएचई सुकमा**

## भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने जवानों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**नगरी, 03 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल नगरी की बहनों ने रक्षाबंधन पर्व पर नक्सल मोर्चे पर तैनात वीर जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की। यह आयोजन बिरनासिली कैंप और नगरी-सिहावा थाना परिसर में संपन्न हुआ। महिला मोर्चा की बहनों द्वारा यह परंपरा पिछले 26 वर्षों से निभाई जा रही है। पर्वों पर जब जवान अपने परिवारों से दूर रहते हैं, तब उनके मन में अकेलापन न रहे, इसी भावना से भाजपा की महिलाएं हर वर्ष प्रदेश भर में तैनात जवानों के लिए राखी भेजती हैं और स्वयं जाकर रक्षा सूत्र बांधती हैं।





इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना साहू, महामंत्री हेमलता साहू, वरिष्ठ नेत्री प्रतिमा देवांगन, अमिता दुबे, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, तेजस्विनी साहू, अंचला यदू, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, लक्ष्मी ठाकरे, नवागांव सरपंच नगीना सोम, सती मरकाम, विनिता कोठारी, अम्बिका, शकुन साहू, देवकुंवर साहू सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की सफलता में नगरी जनपद के उपाध्यक्ष श्री हृदयलाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

# एनएसएल ने राष्ट्रीय स्तर इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2024 में अपना परचम लहराया



**नगरनार, 03 अगस्त।** इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर 25 और 26जुलाई 2025 को रांची में आयोजित 75वीं संयुक्त समिति (जेसीएसएसआई) की बैठक में, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने अपने उत्कृष्ट सुरक्षा प्रदर्शन के लिए सोलह (16) प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के इस्पात सुरक्षा पुरस्कार 2024 जीते। ये पुरस्कार एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए घातक दुर्घटना रहित श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनमें निम्नलिखित उपलब्धियाँ शामिल हैंः ज़ एकीकृत इस्पात संयंत्र में कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। ज़ एकीकृत इस्पात संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कैलेंडर वर्ष 2022-23 और 2023-24 में कोई घातक दुर्घटना नहीं। ज़ ठेकेदार श्रमिकों से जुड़ी कोई भी घातक दुर्घटना नहीं - कैलेंडर वर्ष 2023 और 2024 ये सम्मान मज़बूत सुरक्षा प्रणालियों, निरंतर निगरानी और कर्मचारियों व ठेकेदार कार्यबल, दोनों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से शून्य हानिकारक कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनएसएल की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील लिमिटेड की ओर से श्री पवन कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा), और श्री अनुज कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (कार्मिक) के साथ-साथ यूनियन नेताओं श्री संतराम शेतिया, अध्यक्ष सिम्स; श्री रमेश कश्यप, सचिव सिम्स, श्री मानदास कश्यप, अध्यक्ष एसएसयू; और श्री विनयेंद्र नाथ मैथ्यूज, सचिव एसएसयू द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि पर,कार्यकारी निदेशक एवं प्लांट प्रमुख, श्री एम.एन.वी.एस. प्रभाकर ने एनएमडीसी स्टील लिमिटेड समूह को शून्य हानिकारक कार्यस्थल प्राप्त करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाईदी और सभी से उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने दोहराया कि ये उपलब्धियाँ सामूहिक सतर्कता, सुरक्षा प्रोटोकॉल के सख्त पालन और संगठन के सभी स्तरों पर व्याप्त सुरक्षा संस्कृति का परिणाम हैं। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड अपने दुर्घटना-मुक्त रिकॉर्ड को बनाए रखने, अपनी सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों को और मज़बूत करने,तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हुए अपने कर्मचारियोंकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। जेसीएसएसआई सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों की, इस्पात कंपनियों के प्रबंधन और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का एक अनूठा राष्ट्रीय स्तर का द्विपक्षीय मंच है।

## सात दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू

**सुकमा, 03 अगस्त।** सुकमा में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को सर्वप्रथम जिला मुख्यालय स्थित विश्वकर्मा हनुमान मंदिर से ढोल-नगाड़े के कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल माहेश्वरी भवन पहुंची। जहां कथा वाचक के द्वारा देवी-देवताओं का आह्वान कर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ कथा का शुभारंभ किया। कथा का आयोजन श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति सुकमा के द्वारा पहली बार सुकमा आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश बिजनौर से पधारे कथा व्यास श्री महंत श्री राधेश्याम व्यास जी महाराज ने पहले दिन प्रसंग वचन करते हुए श्री शिव महापुराण कथा को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से मनुष्य के पूर्व जन्मों के सभी पापों को दूर करके शिव कृपा का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ होकर 07 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से संध्या 06 बजे तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा होगा। सावन के महीने में पहली बार सुकमा में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर भक्तों में काफी उत्साह है, क्योंकि सावन का माह भगवान शंकर को समर्पित है, इसलिए इस मौके पर श्री शिव महापुराण का आयोजन होने से श्रद्धालु जन भक्ति भाव से सराबोर हैं। आयोजन समिति के सदस्य अनिल टावरी ने बताया कि आज से 07 अगस्त तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

## पशु चिकित्सा विभाग में 15 पदों पर भर्ती

**बस्तर, 03 अगस्त।** जिले के पशु चिकित्सा विभाग में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी (तृतीय श्रेणी) के 15 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं कार्यालय द्वारा आधिकारिक विज्ञापन जारी किया गया है। भर्ती संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए की जाएगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह 18,000 का मानदेय प्रदान किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त 2025, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। तय समय के बाद आने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# दूरस्थ क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की ज्यादा जरूरत : साय

- दूरस्थ क्षेत्रों और विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की सबसे ज्यादा जरूरत
- संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आकांक्षी जिलों और विकासखंडों को मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत
- सभी छह संकेतकों में पूर्ण संतृप्ति हासिल करने वाले दो जिलों और छह विकासखंडों को मिला स्वर्ण पदक



**रायपुर, 3 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संपूर्णता अभियान में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आकांक्षी जिलों और विकासखंडों को पुरस्कृत किया। उन्होंने आज राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित कार्यक्रम में जुलाई-2024 से सितम्बर-2024 तक राज्य के आकांक्षी जिलों और आकांक्षी विकासखंडों में तीन महीनों तक संचालित संपूर्णता अभियान में निर्धारित संकेतकों को संतृप्त करने और लक्ष्यों को हासिल करने वाले जिलों और विकासखंडों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने इन जिलों और विकासखंडों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया। संपूर्णता अभियान के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले आकांक्षी जिलों बस्तर और कोंडागांव तथा आकांक्षी विकासखंडों शंकरगढ़, मैनपुर, माकड़ी, कोयलीबेड़ा, ओरछा और प्रतापपुर को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक सर्वश्री सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और गुरू खुशवंत साहेब भी सम्मान समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना में सभी वर्गों का विकास समाहित है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वालों और विशेष पिछड़ी जनजातियों (PVTGs) को विकास की सबसे ज्यादा जरूरत है। भारत सरकार ने इसे गहराई से समझकर प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रारंभ की है। इस योजना से सुदूर वनांचलों में आवास, पेयजल, बिजली, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंच रही हैं। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसे कार्यक्रमों से जिसमें छत्तीसगढ़ के भी 6661 गांव शामिल हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप विकास की रोशनी सुदूर गांवों तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र सरकार की आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में शामिल गांव तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि देश में वर्ष 2018 से आकांक्षी जिलों में काम शुरू हुआ है। विकास की दौड़ में पिछड़े जिलों और विकासखंडों को आगे लाने का काम इसमें हो रहा है। इसके अंतर्गत शामिल गांवों में अलग-अलग सेक्टर में काम कर मानव सूचकांकों को सुधारा जा रहा है। उन्हें संतृप्ति के स्तर पर लाया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक-एक व्यक्ति के विकास और कल्याण से विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समारोह में कहा कि आकांक्षी जिलों और विकासखंडों में भौतिक प्रगति से अलग मानव सूचकांकों को बेहतर करने के लिए काम किए जा रहे हैं। लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें संतृप्त करने अहम इंडीकेटर्स पर काम हो रहे हैं जिनकी तरफसामान्यतः ज्यादा ध्यान नहीं जाता है।

## समाचार संक्षेप

### आंगनबाड़ी केद्रों में विश्व स्तनपान सप्ताह का किया जा रहा आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 अगस्त।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले के सभी आंगनबाड़ी केदो में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य हर मां को अपनी इच्छा अनुसार स्तनपान कराने के लिए सही सहायता और जानकारी मिले इसके लिए गुणवत्ता पूर्वक स्तनपान परामर्श में सुदृढ़ निवेश शिशु दूध के लिए विकल्प दूध की बोतले और शिशु आहार का शक्ति से पालन और घर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और कार्यस्थलों पर परितोषक वातावरण का निर्माण आवश्यक है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन में केवल छह माह तक मां का दूध पिलाने हेतु समझाएं दिया जा रहा है मां के दूध में वह सभी पौष्टिक तत्व उपलब्ध रहता है जो बच्चे के लिए आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि जिले में 7000 से अधिक शिशुवती महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत है।

## एक नजर

### विभागीय परीक्षा का आयोजन 4 से 11 तक

**बलरामपुर, 3 अगस्त।** अधिकारियों के लिए विभागीय परीक्षा माह अगस्त का आयोजन 4 अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए शासकीय बहुउद्देशीय सीनियर सेकेण्डरी विद्यालय अम्बिकापुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। विभागीय परीक्षा विद्यालय के कक्ष क्रमांक-04 में आयोजित किया जाएगा। विभागीय परीक्षा में भाग लेने वाले अधिकारी निर्धारित तिथि में नियत स्थान पर उपस्थित होवें।

### डीएव्ही स्कूलों में द्वितीय चरण का प्रवेश के लिए रिक्त सीटों पर 5 तक आवेदन

**बलरामपुर, 3 अगस्त।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल, पतरातू एवं प्रेमनगर में द्वितीय चरण के प्रवेश हेतु आरटीआई की 25 प्रतिशत एवं शासकीय कोटा की 08 प्रतिशत सीट रिक्त है। जिसके तहत उन्होंने बताया है कि कक्षा एलकेजी में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 02 सीट, यूकेजी में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 01 तथा शासकीय कोटा की 07, कक्षा 2री में डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 01, कक्षा 3री डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 01, कक्षा 4थी में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की एक व शासकीय कोटा की 01, डीएव्ही पतरातू में शासकीय कोटा की 05 तथा डीएव्ही प्रेमनगर में शासकी कोटा की 02, कक्षा 5वीं में डीएव्ही पतरातू में शासकीय कोटा की 02, डीएव्ही प्रेमनगर में शासकीय कोटा की 01, कक्षा 6वीं में डीएव्ही भंवरमाल में शासकीय कोटा की 01, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 05 एवं शासकीय कोटा की 02, कक्षा 07 वीं में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की 01 एवं शासकीय कोटा की 06, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 09 तथा शासकीय कोटा की 06, डीएव्ही प्रेमनगर में आरटीआई की 02 तथा शासकीय कोटा की 02, कक्षा 8वीं में डीएव्ही भंवरमाल में आरटीआई की 05 एवं शासकीय कोटा की 07, डीएव्ही पतरातू में आरटीआई की 08 तथा शासकीय कोटा की 07 एवं डीएव्ही प्रेमनगर में आरटीआई की 01 तथा शासकीय कोटा की 03 सीट रिक्त है।

### रैम्प योजना के तहत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन

**महासमुंद, 3 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रैम्प योजना अंतर्गत उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण होटल में किया गया। यह कार्यक्रम एमएसएमई योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंकिंग और वित्तीय सहायता से जोड़ना है। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक, उद्योग संचालनालय श्री शिव कुमार राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिले के दर्जनों उद्यमियों के साथ-साथ पीएमएफएमई व पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों ने भी सहभागिता की। संयुक्त संचालक श्री राठौर ने कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की प्रमुख बातें साझा करते हुए उद्यमियों के विभिन्न शंकाओं का समाधान किया और उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्रमुख बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठनों के सदस्य और स्थानीय उद्यमी उपस्थित रहे। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफइंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा सहित अन्य प्रमुख बैंकों के अधिकारियों ने उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना और एमएसएमई योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

#### पीएम नटवर इंग्लिश स्कूल में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता, सातों विखं से प्रतिभागी शामिल

# विज्ञान व गणित क्विज स्पर्धा में पुसौर अव्वल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 3 अगस्त।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विज्ञान और गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आज पीएमश्री शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में जिले के सभी सात विकासखण्डों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।

आयोजित प्रतियोगिता में विकासखण्ड पुसौर ने सर्वाधिक 40 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह विकासखण्ड धरमजयगढ़ 35 अंको के साथ द्वितीय और विकासखण्ड लैलूंगा 30 अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव ने सभी प्रतिभागियों को गणित और विज्ञान विषय से संबंधित सामान्य प्रश्न पूछे और उनके उत्तर लिए। उन्होंने छात्रों को विज्ञान के सिद्धांतों को गहरे से समझने और वर्तमान में हो रही वैज्ञानिक खोजों और भविष्य के परिवर्तन पर नजर रखने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को पुस्तकों के माध्यम से अधिक अध्ययन करने की प्रेरणा दी।पूरे जिले से सातों विकासखण्ड से आये हुये सभी छात्रों को 07 ग्रुप में बांटकर प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता के लिये प्रश्न तैयार कर उन्हें छात्रों को पूछने और प्रतियोगिता संचालित करने के लिये विषय-विशेषज्ञों में भौतिकी राजेन्द्र कलैत, व्याख्याता, पीएम नटवर रायगढ़, रसायन पारसमणि साहू, व्याख्याता, उच्चतर माध्यमिक शाला जूटमिल रायगढ़, जीवविज्ञान अनुपमा तिवारी, व्याख्याता, उच्चतर माध्यमिक शाला गेरवानी और गणित बी एल गुप्ता, व्याख्याता, सेजेस लोइंग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, साक्षर भारत डीपीओ देवेंद्र वर्मा, एपीसी और राष्ट्रीय अविष्कार अभियान जिला नोडल भुवनेश्वर पटेल, एपीसी किरण मिश्रा और बीआरसी मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि : जिले के 87576 किसानों के खातों में 19.29 करोड़ का अंतरण



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजन, किसानों को मिला लाभ

**रायगढ़, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के रूप में 20,500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की।

कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ में लाईव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के 87,576 किसानों को कुल 19 करोड़ 29 लाख की राशि इस योजना के अंतर्गत हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीसी सदस्य जनपद पंचायत रायगढ़ शिवकुमारी साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को किसानों की आयवृद्धि एवं कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी दी और आग्रह किया कि किसान इन योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### डिप्टी कलेक्टरों के प्रभार में फेरबदल कलेक्टर चतुर्वेदी ने जारी किया आदेश

**रायगढ़, 3 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज राजस्व अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। रायगढ़ जिला कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत को धरमजयगढ़ का नया एसडीएम बनाया गया है। वहीं धरमजयगढ़ के एसडीएम धनराज मरकाम को जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है। उन्हें यहां पदस्थ रहे डिप्टी कलेक्टर द्वय रेखा चंद्रा और प्रवीण कुमार भगत द्वारा संभाले जा रहे शाखाओं की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं शासन द्वारा स्थानांतरण उपरांत डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा को मुंगेली और घरघोड़ा के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर को सूरजपुर जिले के लिए भारमुक्त कर दिया गया है।

**भू अभिलेख के अधिकारियों को आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र बनाने की दी गई जिम्मेदारी :** तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के सामूहिक हड़ताल में चले जाने के फ्लस्वरूप तहसीलों में छात्र छात्राओं के आय जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने की जिम्मेदारी भू अभिलेख के अधिकारियों को दी गई है। कलेक्टर चतुर्वेदी के द्वारा इस बाबत जारी आदेश के अनुसार अधीक्षक भू अभिलेख प्रियंका राठिया को रायगढ़, पुसौर और खरसिया तहसील अंतर्गत प्रमाण पत्र जारी करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## पीएम मातृ वंदना योजना के तहत अब पंजीकरण की तिथि 15 अगस्त तक



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत छूटी हुई महिलाएं अब 15 अगस्त तक अपना पंजीकरण करा सकती हैं। इसके लिए वे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में संपर्क कर सकती हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एल.आर.कच्छप ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और पोषण सुनिश्चित करना है, साथ ही गर्भावस्था के दौरान होने वाले वेतन के नुकसान की भरपाई करना है। योजना के मुख्य लाभ पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की आर्थिक सहायता दो किस्तों में दी जाती है। दूसरे बच्चे के लिए (यदि वह बालिका हो) 6,000 रुपये की सहायता एकमुश्त दी जाती है।

**पंजीकरण के लिए पात्रता :** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पात्र महिलाएं अंतिम मासिक धर्म की तारीख के 570 दिनों के भीतर आवेदन कर सकती हैं। लाभार्थी का नाम आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज होना चाहिए। पंजीकरण के लिए गरीबी रेखा का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, या अनुसूचित जाति/जनजाति का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

### महतारी सदन, आईटीआई और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 अगस्त।** जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी आज रायगढ़ विकासखंड के दौरे पर रहे। उन्होंने कोयलंगा, जामगांव, लोइंग, महापल्ली तथा कोतरलिया का भ्रमण कर लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो और तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी उपस्थित रहे।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कोयलंगा में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर चल कार्य का अपडेट लिया। ईई पीडब्ल्यूडी के द्वारा बताया गया कि पुल के स्ट्रक्चर का काम पूरा कर लिया गया है, अप्रोच रोड का काम चल रहा है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने रोड का निर्माण जल्द पूरा करने के लिए कहा ताकि यह पुल लोगों की आवाजाही के लिए खोला जा सके। उन्होंने यहां सिंचाई विभाग कोयलंगा डायवर्शन स्कीम के तहत नहर लाइनिंग और विलेज रोड बियरिंग के काम का भी निरीक्षण किया। एसडीओ सिंचाई विभाग ने बताया कि लाइनिंग का काम लगभग पूरा किया जा चुका है। यहां नहर पर विलेज रोड बियरिंग के रूप में छोटा नाली युक्त पुलिया है उसके सुधार का काम चल रहा है। यह करीब 70 वर्ष पूर्व बना था, तो अभी इसमें लगने वाली पाइप की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है। कलेक्टर चतुर्वेदी ने सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन कराने जिला प्रशासन हुआ सख्त

### नेशनल हाईवे में रात में गस्त बढ़ाने के निर्देश, सड़क में घूमते पाए जाने पर पशु मालिकों के विरूद्ध लगाया जाएगा पेनाल्टी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जिले में सड़क पर घूम रहे एवं बैठे आवारा पशुओं की समस्या के समाधान हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल करने के लिए आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा संयुक्त बैठक ली गई।

बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, पशुपालन, पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सहित ग्राम पंचायतों के सचिव उपस्थित रहे। कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक सड़कों, बाजारों और अन्य प्रमुख स्थानों पर घूमते व बैठते आवारा मवेशी न केवल यातायात में बाधा बनते हैं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं, अतः उनके प्रबंधन के लिए समन्वित कार्रवाई की जाए।

उन्होंने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया कि वे चिन्हांकित स्थलों पर या अस्थायी आश्रय स्थल स्थापित करें तथा मवेशियों को पकड़कर वहां सुरक्षित रखा जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप गोठानों का उपयोग मवेशी रखने के लिए किया जाए। उन्होंने कहा कि काउ केचर का उपयोग करते हुए आवारा पशुओं को गोठानों तक छोड़े। उन्होंने पशुपालन विभाग को पशुओं के कान में लगे टेग के माध्यम से ऑनलाइन करने के निर्देश भी दिए हैं। ताकि यह पता चल सके कि पशु के मालिक कौन है।

### चारभाटा का आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बना बाल विकास का उत्कृष्ट मॉडल

- खेल, पोषण और रचनात्मक शिक्षा के समन्वय से बच्चों को मिल रही उज्जवल भविष्य की नींव

**मुंगेली, 3 अगस्त।** राज्य शासन की बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जीवंत मिसाल बनकर उभरा है विकासखंड मुंगेली अंतर्गत ग्राम चारभाटा का आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र। यह केंद्र आज केवल एक शासकीय संस्था नहीं, बल्कि गाँव के नन्हें बच्चों के समग्र विकास का प्रेरणास्त्रोत बन गया है। यहाँ बच्चों को नियमित रूप से रेडी-टू-ईट एवं संतुलित पोषक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से उनका बौद्धिक, मानसिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा में नवाचारों को अपनाते हुए अक्षर ज्ञान, रंगों की पहचान, गिनती, पहेलियाँ, कहानी-वाचन एवं चित्र-पहचान जैसी गतिविधियों को रुचिकर और संवादात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

**चित्रों और रंगों से सजी दीवारें बनीं सीखने का माध्यम :** केंद्र की दीवारों पर चित्रकारी, प्रेरक नारे और शैक्षणिक चित्रों के माध्यम से बच्चों को सहज एवं मनोरंजक वातावरण में सीखने का अवसर मिल रहा है। बच्चों की उम्र और रुचि के अनुसार चुनी गई शिक्षण सामग्री, खिलौने और सामूहिक खेल, शिक्षा को खेल का रूप देते हैं, जिससे बच्चे सहज रूप से ज्ञान अर्जित कर पा रहे हैं।

**स्वास्थ्य और पोषण पर भी विशेष ध्यान :** आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र चारभाटा की पर्यवेक्षक श्रीमती अहिल्या कोशले ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में तीन से 06 वर्ष के 28 बच्चे हैं। इनको नियमित रूप से रेडी-टू-ईट, पोषक आहार, पोहा तथा गर्म भोजन प्रदान किया जाता है, जो बच्चों में कुपोषण दूर करने में भी सहायक है। साथ ही बच्चे भी खुशी-खुशी आंगनबाड़ी आते हैं। बच्चों को आयु के अनुसार संतुलित आहार मिलने से उनके शारीरिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है।

#### जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में, आकांक्षी विखं अंतर्गत 60 अधिकारी-कर्मचारी को किया गया सम्मानित

# बेहतर प्रदर्शन के लिए महासमुंद जिले को मिला सिल्वर मेडल

- आकांक्षी विकासखण्ड से जिले में विकास का द्वार खुला : विधायक सिन्हा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद, 3 अगस्त।** केंद्रीय नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन आज जिला पंचायत में किया गया। इस अवसर पर आयोजित आकांक्षा हाट का शुभारंभ आज महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा जिला पंचायत परिसर में फीता काटकर किया गया। शुभारम्भ अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर एवं ऊषा धृतलहरे, दिलेश्वरी निराला, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रकाश वर्मा, महेन्द्र सिक्का, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद थे।

### एक सप्ताह तक चलेगा आकांक्षा हाट, 13 स्टॉल लगाए गए

स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में आकांक्षा हाट का यह आयोजन एक सप्ताह तक होगा। आयोजित आकांक्षा हाट में जिले की 39 महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों तथा सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 13 स्टॉल लगाए गए हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों में महिला समूहों के उत्पादों का बारीकी से अवलोकन कर महिला समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सेल्फी भी ली। इस आयोजन का उद्देश्य इन महिला समूहों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। उन्होंने हाट से कई सामग्री क्रय किया एवं उनके उत्पादों को सराहा। जिले की 39 महिला समूहों द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थ जैसे छत्तीसगढी व्यंजन, मिठाई, गर्म नाश्ता, अचार, बड़ी, पापड़ व टेराकोटा, बांस उत्पाद, राखी, पारंपरिक परिधान, पूजा सामग्री, सजावटी सामग्री, एलईडी बल्ब, साबुन, फिनाइल, डिशवॉश, मच्छर अगरबत्ती, झाड़ू, चटाई, दोना-पत्तल, जैविक खाद एवं अन्य स्थानीय उत्पाद नागरिकों के लिए उपलब्ध है।

एक नजर

## ओवल टेस्ट में हुआ बड़ा बवाल



**ओवल, 03 अगस्त।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का पांचवां और अंतिम मैच केनिंग्टन ओवल के मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। पहली पारी में 9 रन बनाने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में 53 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा जब दूसरी इनिंग में बल्लेबाजी कर रहे थे, उस दौरान मैदान पर एक हैरान करने वाली घटना घटी। जिसे देखने के बाद खिलाड़ी समेत फैंस भी हैरान रह गए। दरअसल बैटिंग के दौरान रवींद्र जडेजा एक फैन की टी-शर्ट की वजह से परेशान हो गए थे। स्टेडियम में मैच देख रहे एक फैन ने लाल रंग की टी शर्ट पहना हुआ था, वह साइड स्क्रीन के ठीक बगल में बैठे हुआ था। इसके कारण जडेजा अपनी बैटिंग पर फोकस नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने इसको लेकर ऑन फिल्ड अंपायर से शिकायत की। बाद में अंपायर ने ग्राउंड स्टाफ के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान निकाला।

ग्राउंड स्टाफने उस फैन से पहले सीट बदलने के लिए कहा, लेकिन इसके लिए उसने मना कर दिया। ऐसे में फिर वहां मौजूद स्टाफने उस फैन को एक ग्रे रंग की टी शर्ट दी, जिसे फैन ने पहन लिया और उसके बाद फिर से मैच को दोबारा शुरू किया गया। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रहा है।

# ग्राहम गूच की नजर में शुभमन गिल आने वाले समय का सुपरस्टार

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** महान बल्लेबाज ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी सीरीज टेस्ट प्रारूप को दबाव से निकालने के लिए एकदम सही है। हालांकि, उन्हें डर है कि सिर्फबिग थ्री (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ ज्यादा खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा। इतना ही नहीं, गूच ने शुभमन गिल को भविष्य का सितारा बताया है और कहा है कि वह आने वाले समय में टीम इंडिया को काफी मैच जिताएंगे। लगभग 45 हजार प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले गूच ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम की अनुभवहीनता के बावजूद उन्हें हमेशा उम्मीद थी कि भारत मेजबान टीम को कड़ी टक्कर देगा। गूच ने कहा, 'देखिए एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा खुल जाता है। आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि महान खिलाड़ी या कोई भी खिलाड़ी हमेशा खेलता रहे। एक समय ऐसा आता है जब वे तय कर लेते हैं कि अब बहुत हो गया या



अब संन्यास ले लेंगे या कुछ और।' उन्होंने कहा, 'जिन दो खिलाड़ियों का आपने जिक्र किया है, उन्होंने भारत और हमारे शानदार खेल के लिए बेहतरीन योगदान दिया है। अब समय आ गया है कि दूसरे लोग आगे आएं। मुझे लगता है कि युवा भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उनके कप्तान (शुभमन गिल) शानदार रहे हैं। वह कमाल के बल्लेबाज लग रहे हैं और उम्मीद है कि वह भविष्य में ढेरों टेस्ट रन बनाएंगे और भारत को कई जीत दिलाएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि टीम अच्छे हाथों में है।'

दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देशों में शुभमन गिल के निराशाजनक रिकॉर्ड पर सवाल उठे थे, लेकिन उन्होंने 754 रन बनाकर उनका करारा जवाब दिया है। यह सुनील गावस्कर के किसी भारतीय द्वारा किसी टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड से सिर्फ 20 रन कम हैं। गूच को गिल की बल्लेबाजी में कोई तकनीकी समस्या नहीं दिखती और वह उनके स्वभाव से भी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, 'गिल एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि उनकी तकनीक शानदार है। इस सीरीज में उनकी एकाग्रता और उनका धैर्य शानदार रहा है।'

गूच का मानना है कि चोटिल बेन स्टोक्स के अंतिम टेस्ट में नहीं खेलने से इंग्लैंड की गेंदबाजी क्षमता प्रभावित हुई और साथ ही करिश्माई कप्तान पर उनकी अत्यधिक निर्भरता भी उजागर हुई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'मेरे लिए स्टोक्स इस सत्र में एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं। वह इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं क्योंकि वह टीम को संतुलित करते हैं। अगर वह नहीं खेलते हैं तो इंग्लैंड को एक बल्लेबाज कम करना होगा।'

# वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

## आखिरी गेंद पर जीता मैच, सीरीज 1-1 से बराबर

**लॉडरहिल, 03 अगस्त।** वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे



मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया। होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की सीरीज में 5-0 से हराया था।

# आकाश दीप कोहली-सचिन के क्लब में हुए शामिल

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप का ओवल टेस्ट मैच के तीसरे दिन बल्ले से ऐसा कमाल देखने को मिला जिससे इंग्लैंड की पूरी टीम हैरान रह गई। दूसरे दिन खेल के आखिरी सेशन में नाइटवाचमैन के तौर पर भेजे गए आकाश दीप ने तीसरे दिन अपने बल्लेबाजी से टीम इंडिया को एक मजबूत स्थिति की तरफलेकर जाने में जरूर अहम योगदान दिया। आकाश दीप लंच के समय खेल खत्म होने से थोड़ा पहले 66 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गए जो उनके करियर की पहली अर्धशतकीय पारी भी थी। आकाश दीप ने अपनी इस पारी के दम पर खुद को सचिन और कोहली के एक खास क्लब का हिस्सा भी बना लिया। आकाश दीप ओवल



टेस्ट मैच के तीसरे दिन जब 66 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटे तो साल 2000 के बाद से सिर्फ चौथे ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जो नंबर-4 की पोजीशन पर 50 या उससे अधिक रनों की पारी खेलने में कामयाब हो सके हैं। आकाश दीप से पहले ये कारनामा सिर्फ सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और शुभमन गिल ने किया था। आकाश दीप का ये उनके टेस्ट करियर का भी सर्वाधिक स्कोर है। आकाश दीप और यशस्वी जायसवाल के बीच चौथे विकेट के लिए महत्वपूर्ण 107 रनों की साझेदारी भी देखने को मिली, जिससे टीम इंडिया तीसरे दिन लंच के समय तक अपना स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 189 रनों तक पहुंचाने में कामयाब हो सकी थी और कुल बढ़त 166 रनों की हो गई थी। इंग्लैंड के दौरे पर आकाश दीप को एजबेस्टन टेस्ट और फिर अब ओवल टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला है। आकाश दीप ने अब तक दोनों ही मुकाबलों में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। ओवल टेस्ट में अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ आकाश दीप ने खुद को एक खास लिस्ट में भी शुमार कर लिया है, जिसमें अब वह टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सिर्फतीसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने घर से बाहर किसी टेस्ट सीरीज के एक मुकाबले में 10 विकेट हॉल लेने के अलावा उसी दौरे पर 50 प्लस रनों की पारी भी खेली है।

# आईपीएल 2026 के लिए धोनी ने भरी हुंकार

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2025 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी और टीम प्वाइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर रही थी। तब स्टार बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को सीरीज के बीच में ही चोट लग गई थी। अब महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि अगले सीजन के लिए गायकवाड़ की वापसी सीएसके की की बल्लेबाजी को मजबूत करेगी। गायकवाड़ पिछले सीजन में कोहनी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाद ही बाहर हो गए थे।

महेंद्र सिंह धोनी कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित थे लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लगी थी।



वह वापसी करेंगे तो अब हम काफी व्यवस्थित हो जाएंगे। धोनी गायकवाड़ की सीएसके में वापसी से खुश हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी इस साल के अंत में होने वाली छोटी नीलामी के जरिए टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।

महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (आईपीएल 2025 में) ढिलाई बरती। कुछ कमियां थीं जिन्हें हमें दूर करने की जरूरत थी। दिसंबर में नीलामी होने वाली है। हम उन कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। धोनी ने स्वीकार किया कि पिछले दो सत्र में सुपर किंग्स का प्रदर्शन उम्मीद से काफी कमजोर रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के लिए उन कमियों को पहचानना जरूरी है। जरूरी यह है कि आप सीख लें।

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने पांच बार खिताब जीता है। पिछले सीजन रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद धोनी ने कप्तानी संभाली थी। लेकिन टीम टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ तालिका में 10वें स्थान पर रही थी।

## व्यापार

# टैरिफ के प्रभाव पर चर्चा करेगा कपड़ा मंत्रालय

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** केंद्र सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी निर्यात पर निर्भर देश के कपड़ा उद्योग ने भी टैरिफ के प्रभाव का आकलन करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर कपड़ा मंत्रालय ने भी कमर कस ली है। टैरिफ के बारे में जल्द ही केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। इसमे उद्योगपतियों से टैरिफ के प्रभाव के बारे में बात की जाएगी। इस मुलाकात में भारत-ब्रिटेन एफटीए को लेकर भी चर्चा होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत से किए जाने वाले आयातों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का आदेश सात अगस्त से प्रभावी होगा। समाचार एजेंसी पीटीआई को कपड़ा मंत्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सरकार अमेरिकी टैरिफ के संभावित प्रभाव को कम करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। सरकार और



उद्योग का लक्ष्य 2030 तक 100 अरब डॉलर का कपड़ा निर्यात करना है।

सूत्रों ने कहा कि टैरिफ को लेकर घरेलू कपड़ा निर्यातकों को समर्थन देने के लिए विचार किए जा रहे किसी भी उपाय के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी, लेकिन सरकार उद्योग की प्रतिक्रिया जानना चाहती है। साथ ही ब्रिटेन-भारत एफटीए तथा अप्रयुक्त क्षमता वाले अन्य बाजारों में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करना चाहती है। इसलिए केंद्रीय मंत्री ने कपड़ा उद्योग के विभिन्न उद्योगपतियों और परिधान निर्यात कंपनियों से बात करेंगे। चर्चाएं ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते से कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पन्न होने वाले अवसरों को साकार करने पर भी केंद्रित होंगी।

# जुलाई में जीएसटी संग्रह 7.5 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई, 03 अगस्त।** शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जुलाई में बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है।

यह वृद्धि घरेलू लेनदेन और आयात दोनों से प्राप्त राजस्व में वृद्धि के कारण हुई, जो स्थिर आर्थिक गतिविधि को दर्शाता है, हालांकि विकास की गति हाल के महीनों की तुलना में धीमी रही।

इस वर्ष अप्रैल और जुलाई के बीच, ग्रॉस जीएसटी राजस्व 8.18 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2024 की इसी अवधि के 7.39 लाख करोड़ रुपए से 10.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

जुलाई में, कुल ग्रॉस जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी से 35,470 करोड़ रुपए, राज्य



जीएसटी से 44,059 करोड़ रुपए, इंटीग्रेटेड जीएसटी से 1,03,536 करोड़ रुपए (आयात से 51,626 करोड़ रुपए सहित) और सेस से 12,670 करोड़ रुपए (आयात से 1,086 करोड़ रुपए सहित) शामिल थे। जुलाई लगातार सातवां महीना रहा, जिसमें संग्रह 1.8 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, लेकिन यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 2.1 लाख करोड़ रुपए के औसत से कम था।

अप्रैल में जीएसटी प्राप्तियां रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थीं, जो मई में घटकर 2.01 लाख करोड़ रुपए रह गई।

रिफंड के एडजस्टमेंट के बाद, जुलाई में नेट जीएसटी राजस्व 1,68,588 करोड़ रुपए रहा, जो एक वर्ष पहले के 1,65,800 करोड़ रुपए से केवल 1.7 प्रतिशत अधिक है।

यह मामूली वृद्धि रिफंड में 66.8 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि के कारण हुई, जो जुलाई 2024 में 16,275 करोड़ रुपए की तुलना में इस महीने 27,147 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

अप्रैल-जुलाई की अवधि में, नेट जीएसटी राजस्व पिछले वर्ष के 6.56 लाख करोड़ रुपए से 8.4 प्रतिशत बढ़कर 7.11 लाख करोड़ रुपए हो गया।

राज्यवार प्रदर्शन मिला-जुला रहा। छोटे पूर्वोत्तर राज्यों ने मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिसमें त्रिपुरा 41 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद 26 प्रतिशत के साथ मेघालय, 23 प्रतिशत के साथ सिक्किम और 22 प्रतिशत के साथ नागालैंड का स्थान रहा।

बड़े राज्यों में, मध्य प्रदेश में 18 प्रतिशत, बिहार में 16 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 14 प्रतिशत और पंजाब एवं हरियाणा में 12-12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# शॉप्सी ने पूरे किए 4 साल

**बेंगलुरु, 03 अगस्त।** फ्लिपकार्ट का तेजी से बढ़ता हाइपर-वैल्यू प्लेजटफॉर्म शॉप्सी अपनी चौथी वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर शॉप्सील ने 'भारत को किंग-क्वीन साइज जिंदगी' देने के अपने मिशन को और मजबूत किया है, ताकि ग्राहकों को कम खर्च में सबसे ज़्यादा फायदा मिल सके। अब तक 450 मिलियन से ज्याकदा ऐप डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुका शॉप्सीन देश के चारों कोनों में 19,000+ पिन कोड तक डिलीवरी कर रहा है, जिसमें मेट्रो शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों2 तक पहुंच शामिल हैं। इस साल ही शॉप्सी- से 1.15 करोड़ नए खरीदार जुड़े, जिनमें से कई ने पहली बार ऑनलाइन शॉपिंग की। जैसे-जैसे इसकी पहुंच और गहराई, टियर 4 कस्बों और दूरदराज़ के ज़िलों – जैसे भागलपुर, मेदिनीपुर, डुंडा और राजनगर – से मांग में तेज़ बढ़ोतरी देखने को मिली। यह दर्शाता है कि लोग अब शॉप्सीस की किफायती कीमतों, इस्तेमाल में आसानी और 300 रूपये से कम की खास रेंज पर भरोसा कर रहे हैं। शॉप्सीख के

shopsy

बिज़नेस हेड, कपिल थिरानी ने कहा, पिछले चार सालों में शॉप्सी देश भर के समझदार खरीदारों के लिए एक पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन गया है। हमारा लक्ष्य हमेशा अच्छी क्वॉलिटी के विविध प्रोडक्ट्स देना, खरीदारी को आसान बनाना और ग्राहकों को स्थानीय अनुभव देना रहा है, खासकर उन छोटे शहरों और कस्बों में जो भारत की असली ताकत हैं। शॉप्सी के प्रोडक्ट्स इन इलाकों की अलग-अलग पसंद और जरूरतों को ध्यान में रखकर चुने जाते हैं। हमने ऐसा प्लेटफॉर्म बनाया है जो बड़े पैमाने पर काम करता है और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ता है। इस खास मौके पर हम हर भारतीय घर तक भरोसेमंद, आसान और किफायती ऑनलाइन शॉपिंग पहुंचाने के अपने मिशन को और मजबूत करने का वादा करते हैं।

# बिना इंटरनेट के भी भेज सकते हैं लोकेशन

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** अगर आप पहाड़ी इलाके में ट्रैकिंग कर रहे हैं या किसी ऐसी सुनसान जगह पर हैं जहाँ मोबाइल का इंटरनेट और नेटवर्क दोनों जवाब दे चुके हैं, तो किसी को अपनी लोकेशन भेजना लगभग नामुमकिन सा लगता है। ऐसी स्थिति में घबराहट होना स्वाभाविक है, लेकिन आपके स्मार्टफोन में छिपी एक साधारण सी ट्रिक आपकी जान बचा सकती है। आप बिना इंटरनेट और GPS के भी सिर्फ एक स्स्ब के जरिए अपनी लगभग सटीक लोकेशन भेज सकते हैं।

**कैसे काम करती है यह तकनीक?**

यह तकनीक फोन के बेसिक SMS (शॉर्ट मैसेज सर्विस) और



कंपास ऐप पर निर्भर करती है। अक्सर दूर-दराज के इलाकों में जहां 4त/5त इंटरनेट काम नहीं करता, वहां भी मोबाइल का 2त नेटवर्क स्स्ब भेजने और पाने के लिए उपलब्ध होता है। इसी का फायदा उठाकर आप अपनी स्थिति की जानकारी भेज सकते हैं।

**लोकेशन भेजने के लिए अपनाएं ये स्टेप्स**

कंपास ऐप खोलें ज्यादातर एंड्रॉयड और आईफोन स्मार्टफोन्स में कंपास ऐप पहले से ही इंस्टॉल होता है। अगर आपके फोन में नहीं है, तो किसी भी यात्रा पर निकलने से पहले इसे गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से डाउनलोड करके रख लें।

**लैंडमार्क और दिशा पहचानें**

कंपास ऐप आपको यह बताएगा कि आप किस दिशा (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम) की ओर देख रहे हैं। अब अपने आस-पास किसी बड़े और स्थायी लैंडमार्क को देखें, जैसे कोई मंदिर, कोई खास आकार की चट्टान, नदी, पुल या कोई इमारत।

**दूरी का अनुमान लगाएं**

उस लैंडमार्क से अपनी अनुमानित दूरी का अंदाजा लगाएं।

SMS तैयार करें और भेजें- अब एक SMS टाइप करें जिसमें यह सारी जानकारी हो। उदाहरण के लिए- मैं XYZ ट्रेकिंग रूट पर हूँ, पुराने शिव मंदिर से लगभग 3 किलोमीटर पूर्व दिशा में। कृपया मदद भेजें। इस मैसेज को अपने परिवार या दोस्तों को भेज दें।

# बीएसएनएल का ऑफर : सिर्फ 1 रुपये के रिचार्ज में मिलेगा 30 दिन के लिए कॉलिंग-डेटा

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इस प्लान की जानकारी शेयर की है। ये प्लान कंपनी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पेश किया है, जो खास ऑफर्स के साथ आता है। कंपनी ने इस प्लान को फ्रीडम ऑफर के तहत पेश किया है, जिसमें डेटा, कॉलिंग और दूसरे बेनिफिट्स मिल रहे हैं। इसमें आपको डेली 2GB डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग का बेनिफिट मिलेगा। BSNL Freedom Offer की कीमत 1 रुपये है और ये 30 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है। इस

BSNL

दौरान कंज्यूमर्स को 2GB डेटा डेली मिलेगा, जो 4 प्र. होगा। इसके अलावा कंपनी अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और डेली 100 SMS भी ऑफर कर रही है।

FUP लिमिट खत्म होने के बाद इंटरनेट स्पीड 40Kbps हो जाएगी। BSNL फ्री में 4 प्र. SIM कार्ड ऑफर कर रही है। कंज्यूमर्स बिना किसी एक्स्ट्रा कॉस्ट के फ्रीडम ऑफर के तहत फ्री 4 प्र. SIM Card ले सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ऑफर सीमित समय के लिए हैं। ये प्लान सिर्फ नए BSNL कंज्यूमर्स के लिए है। यानी पुराने ग्राहकों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ये प्लान 30 दिनों के लिए होगा। इसका फायदा आपको 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच ही मिलेगा। ऑफर को हासिल करने के लिए आपको BSNL कॉमन सर्विस सेंटर पर जाना होगा। फ्रीडम ऑफर डोरस्टेप सिम कार्ड डिलीवरी वाले कंज्यूमर्स को भी मिलेगा या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है।

## भारतीय वाहन-टायर उद्योग को एशियाई देशों से ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली, 03 अगस्त।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शनिवार को कहा कि भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग और टायर विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में अधिक नुकसान पहुंचाने वाला है। इक्रा ने कहा कि भारत के वाहन कलपुर्जा निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और टायर निर्यात में 17 प्रतिशत है। इसलिए टैरिफ में बढ़ोतरी से भारतीय विनिर्माताओं को जापान, वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे एशियाई समकक्षों की तुलना में नुकसान होगा, जहां कम या तरजीही शुल्क लागू हैं। हाइवे और सिर्फ टायर खंड में, और विभिन्न वाहन कलपुर्जा में शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय आपूर्तिकर्ताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है।

## एक नजर

### दुकान का ताला टूटा हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 3 अगस्त।** पुराना बस स्टेण्ड पगारिया कॉम्पलेक्स स्थित एचआरए हायर इंजीनियरिंग एसोसिएट दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हमराज भारती 35 वर्ष सतनामीपारा कांपा पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी का पगारिया कॉम्पलेक्स में एचआरए हायर इंजीनियरिंग एसोसिएट नाम से दुकान है। उक्त दुकान का अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर लेपटाप, सीपीयू, डीवीआर, 2 नग मोबाइल और नकदी 12800 रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 61800 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 3 अगस्त।** राजधानी रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में सिंचाई कालोनी अभनपुर निवासी अनिल कुमार साहू 29 वर्ष ने अभनपुर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीए 9889 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम गनौद संतराम कोसले 28 वर्ष ने राखी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजी 3658 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह तीसरे मामले में कुशालपुर पुरानी बस्ती निवासी प्रार्थी शुभम दुबे 28 वर्ष ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएल 7622 को वालफोर्ट सिटी स्थित शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अगस्त।** सरस्वती नगर और गोलबाजार थाना पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ज्योतिनगर रेलवे पटरी के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी सांतनु सिक्का 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। वहीं गोलबाजर पुलिस ने शराब भट्टी के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते आरोपी शेख शाहिद 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मोबाइल छीनकर भागने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अगस्त।** थाना उरला पुलिस ने मोबाइल झपटमारी की घटना को अंजाम देकर फरार हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वीवो कंपनी का एक मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 30,000 है, एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर को भी जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 30 जुलाई 2025 को शाम लगभग 6 बजे वह सटरन फेरोलाईस प्रा. लि. कंपनी, उरला से पैदल घर जा रहा था। रास्ते में उसने अपने दोस्त राहुल को कॉल करने के लिए जैसे ही जेब से फोन निकाला, तभी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उसका मोबाइल झपट लिया और दोनों तेजी से भाग निकले। प्रार्थी ने उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए। झपटा गया मोबाइल वीवो कंपनी का था, जिसमें छ्द्वश्च का सिम (मोबाइल नंबर 7909365575) लगा हुआ था और जिसकी कीमत करीब ?30,000 बताई गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना उरला की एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों मनोज ताखर एवं तोमेश वर्मा की पहचान की। पूछताछ में दोनों ने अपराध करना स्वीकार किया।

# छत्तीसगढ़ में आज से थम जाएंगे इंजीनियरिंग में दाखिले

**रायपुर, 3 अगस्त।** प्रदेश के 29 इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए चल रही काउंसलिंग का तीसरा चरण रविवार को समाप्त हो जाएगा. इसके बाद इंजीनियरिंग की काउंसलिंग औपचारिक तौर पर पूरी हो जाएगी. पहले तक इंजीनियरिंग की काउंसलिंग में प्रमुख 3 चरण के बाद संस्थावार काउंसलिंग हुआ करती थी. इसके बाद पिछले तीन साल से दो प्रमुख चरण के बाद संस्थावार काउंसलिंग कराई जाने लगी. इस साल तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने तीन चरणों की काउंसलिंग कराई है, जिसका समापन 3 अगस्त को हो रहा है. इसके साथ ही डीटीई ने राज्य शासन को एक चरण की संस्थावार काउंसलिंग के लिए भी प्रस्ताव भेजा है, जिसपर अभी मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि 14 अगस्त के पहले डीटीई संस्थावार काउंसलिंग यानी आईएल भी करा सकता है. यदि मंजूरी मिलती है तो डीटीई 5 से 14 अगस्त तक आईएल का शेड्यूल आ सकता है. इस साल से तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने एमसीए की 650 सीटों के लिए रेलेवेंट ब्रांच का नियम हटा दिया है. यानी बीए, बीकॉम सहित किसी भी ब्रांच या विषय का विद्यार्थी कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर्स कर सकता है. इसके अलावा इस साल पॉलीटेक्निक कॉलेजों में दाखिले का ग्राफ भी कुछ खास नहीं है. एक तरह जहां इंजीनियर बनने प्रदेश के युवाओं ने रुझान दिखाया है तो वहीं पॉलीटेक्निक करने रुझान घटा है. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में भी अधिकांश सीटें इस बार खाली रह गई हैं.



### फिर नहीं मिलेगा प्रवेश का मौका

जिन विद्यार्थियों को तीसरे चरण की सीट आवंटन में अलॉटमेंट मिला है, उनको कॉलेजों में पहुंचकर 3 अगस्त तक एडमिशन पक्के करने होंगे. आईएल का शेड्यूल भले बाद में आएगा, लेकिन समय तक यदि अलॉट सीट पर प्रवेश नहीं लिया गया तो काउंसलिंग से मिली यह सीट व्यर्थ हो जाएगी, क्योंकि एडमिशन लेने की मियाद समाप्त हो गई होगी. इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए काउंसलिंग की शुरुआत 23 जून से हुई थी. पहले चरण में 5043 सीटों के लिए 3422 सीटें अलॉट हुई थी. वहजीं दूसरे चरण तक इसमें करीब 1266 सीटें और जुड़ गई. तीसरे चरण तक चुनिंदा इंजीनियरिंग कॉलेजों में लगभग सीटें फुल हो गई. अब आईएल की काउंसलिंग में मैनेजमेंट कोटा सरीखे छात्र आएंगे. इनके अलावा कॉलेज रिक्त बची ब्रांचवार सीटों पर प्रवेश दे सकेंगे.

## धर्मांतरण रोकने सक्रिय हुई जगन्नाथ सेना

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने पैर धोकर 4 महिलाओं की कराई घर वापसी

**रायपुर, 3 अगस्त।** धर्मांतरण पर देश-प्रदेश में मचे बवाल के बीच भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने जगन्नाथ सेना बनाने के बाद आज धर्मांतरण कर चुकी 4 महिलाओं का पैर धोकर, शॉल-श्रीफल भेंटकर हिन्दू धर्म में वापसी कराई. पुरंदर मिश्रा ने बताया कि जगन्नाथ सेना हर रविवार को सुबह 9 से 11 बजे धर्म विरोध कार्य रोकने का काम करेगी.

महिलाओं की घर वापसी कराने से पहले भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कुंदरापारा से मधुपिल्ले चौक तक पद यात्रा कर धर्मांतरण के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाया.



विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस अवसर पर बताया कि उड़िया बस्तियों में धर्मांतरण की सूचना के बाद जगन्नाथ सेना के गठन का फैसला लिया. धर्मांतरण के मामले सामने आने पर शासन ङ्क प्रशासन को इसकी सूचना देंगे, वहीं काम कर रही अंदरूनी मिशनरी को रोकने का काम जगन्नाथ सेना करेगी. भाजपा विधायक ने कहा कि भारत में बहुत से समाज हैं, लेकिन कई लोग इसकी ठेकेदारी कर रहे हैं. इन ठेकेदारों को रोकने के लिए जगन्नाथ सेना काम करेगी. राजधानी से शुरू होते हुए यह सेना गांव तक जाएगी.

वहीं कांग्रेस के सवाल 'जब भाजपाके पास आरएसएस-बजरंग दल हैं, तब जगन्नत सेना क्यों?' पर विधायक ने कहा कि जब हम खाना खाते है तब सब्जी, चावल के साथ चटनी भी खाते हैं. जगन्नाथ सेना वही चटनी बनने का काम करेगी. पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सीबीआई की जांच करने की शक्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाए जाने पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा जो जैसा करेगा वैसा भरेगा, जो अपराध करेगा दंड पाएगा.

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की दबकर मौत, दो घायल

**सूरजपुर, 3 अगस्त।** जिले के श्यामनगर गांव में रविवार को दर्दनाक हादसे में युवक शिव नारायण सिंह की मौत हो गई है. सड़क किनारे खेत में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में दो युवक घायल हुए हैं, इनमें से एक को गंभीर चोटें आई है. घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है. घटना प्रेमनगर थाना के उमेशवरपुर चौकी क्षेत्र की है।

पुलिस के मुताबिक, घटना के दौरान ट्रैक्टर पर तीन लोग सवार थे. वह खेत जोतकर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. ट्रैक्टर के नीचे युवक दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो लोग घायल हो गए. एक को पैर पर गंभीर चोटें आई है।

**सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस :** घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी संजय यादव और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे. घायलों को तत्काल इलाज के लिए प्रेम नगर स्वास्थ्य केंद्र में भेजा. वहीं मृतक का शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई जुट गई है।

# पूर्व सीएम बघेल ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

■ अग्रिम जमानत याचिका की दायर



**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है. शराब, कोयला और महादेव सट्टा एप जैसे मामलों में नाम सामने आने के बाद पूर्व सीएम बघेल ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की है. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों और अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी गई है. याचिका में पूर्व सीएम बघेल ने मांग की है कि उन्हें इन मामलों में गिरफ्तार न किया जाए और जांच में सहयोग करने का अवसर दिया जाए. सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सोमवार को सुनवाई होनी है. भूपेश बघेल ने अपनी याचिका में उल्लेख किया कि जिस तरह उनके बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी राजनीतिक द्वेष के तहत की गई, उसी तरह उन्हें भी निशाना बनाया जा सकता है. आशंका जताई है कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई कर सकती है.



**चैतन्य बघेल की जमानत याचिका पर भी होगी सुनवाई:** पूर्व सीएम बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की दाखिल जमानत याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट सुनवाई होनी है. चैतन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि न तो उनका नाम श्चष्ठ की एफआईआर में है और न ही किसी के बयान में, इसके बावजूद राजनीतिक द्वेष के तहत उनकी गिरफ्तारी की गई. फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं. उनका नाम ईडी की एफआईआर में नहीं है।

# भिलाई स्टील प्लांट को दो अरब 28 करोड़ का नोटिस

**रायपुर/भिलाई, 3 अगस्त।** नगर निगम भिलाई ने भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) को एक वर्ष का 228 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के लिए नोटिस थमाया है. राशि जमा करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है. नोटिस जारी करने के बाद बीएसपी की ओर से टैक्स जमा नहीं किया गया है. नगर निगम भिलाई तैयारी कर रहा है, कि पूरे टाउनशिप और भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रॉपर्टी का सर्वे किया जाए. सर्वे के लिए आईआईटी भिलाई से संपर्क किया जा रहा है. अधिकारियों का कहना है कि आईआईटी भिलाई के ड्रोन से यह सर्वे करवाया सभी ने उचित माना है, और इसके लिए आईआईटी प्रबंधन से बातचीत चल रही है. कुछ अन्य एजेंसियों पर भी विचार किया गया लेकिन आईआईटी से बात तय हो जाती है तो किसी अन्य एजेंसी यह काम नहीं दिया जाएगा. निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडे के मुताबिक नगर निगम ने बीएसपी को एक साल के लिए 228 करोड़ का नोटिस भेजा है. इसके साथ बीएसपी की प्रॉपर्टी का सर्वे करवाया जाएगा. इसके लिए आईआईटी भिलाई संपर्क किया जा रहा है.

**पुराना मामला है न्यायालय में**

बीएसपी और निगम पुराने प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर पहले से न्यायालय की शरण में हैं. नगर निगम भिलाई ने 27 अप्रैल 2019 को कुर्की की नोटिस बीएसपी को थमाया था. इसमें संपत्ति कर की सही जानकारी न देने और शिक्षा उपकार की राशि भी कम देने का हवाला दिया गया था. तब से वह मामला लगातार कोर्ट में विचाराधीन है.




### बीएसपी ने निकाला आरटीआई से 6000 पेज

इस मामले में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के संबंधित विभाग ने सूचना के अधिकार के तहत 6000 पेज निकाला. इस तरह दोनों एक दूसरे को प्रॉपर्टी टैक्स के मामले में शिकस्त देने के लिए हर तरह से प्रयास कर रहे हैं. निगम से मिली जानकारी के अनुसार बीएसपी ने सार्वजनिक प्रॉपर्टी मानकर हॉस्पिटल, पार्क, स्कूल भवन, सीआईएसएफ बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी जवानों को दिए गए भवन, धार्मिक और सामाजिक भवनों का जिक्र स्वविवर्णी में नहीं किया. निगम का तर्क है कि बीएसपी जिस हॉस्पिटल में आने वाले निजी मरीजों से मोटी रकम फीस व उपचार के तौर पर ले रही है, उसका जिक्र तक इसमें नहीं किया है. बीएसपी ने स्कूल भवनों को किराए और लीज पर दिया है. इस तरह हर भवन को जिनको भी दिए हैं, उसके बदले लीज की रकम उनको मिल रही है. इसी पर प्रापर्टी टैक्स को लेकर दोनों में खींचतान चल रही है. निगम प्रशासन और बीएसपी प्रबंधन के बीच टैक्स को लेकर कई दौर की बैठकें भी हो चुकी है. इसके पहले भी बैठकें होती रही है, पर इसका कोई समाधान नहीं निकला. आखिर पहले के टैक्स का मामला उच्च न्यायालय बिलासपुर में चल रहा है.

## दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष

# मारपीट में युवक की हत्या, कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने किया पथराव

**बलौदाबाजार, 3 अगस्त।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में दो गुटों के बीच बीती रात जबरदस्त झड़प हो गई. विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट के बाद झबड़ी गांव के निवासी नानू की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई. वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे रायपुर रेफर किया गया है. घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका इलाज जारी है. वहीं ओरपियों को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया।



दरअसल, कसडोल थाना के झबड़ी और मडकड़ा गांव के दो गुटों में कुछ दिन पहले आपस में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें झबड़ी निवासी मृतक नानू उर्फत्रिलोक चंद कौशिक अपने दोस्तों के साथ मडकड़ा निवासी लकी केवट और अजय केवट के साथ जमकर मारपीट किया था, जिसकी शिकायत कसडोल थाने में दर्ज कराई गई थी।

मामले पर पुलिस ने उस वक्त ठोस कार्रवाई नहीं की और आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए थे, जिससे वैमनष्यता बरकरार थी. इसके बाद बीते शाम आरोपी अजय केवट और लकी केवट ने मृतक युवक और उसके दोस्त को अपने गांव के आसपास गुजरते देखा, फिर क्या था, तेज धारदार हथियार से मृतक त्रिलोकचंद कौशिक उर्फ नानू और उसके दोस्त हेमचंद्र पर भी हमला कर दिया. घायलों को तत्काल ग्रामीणों ने कसडोल के स्वास्थ्य केन्द्र लाया. जहां डाक्टर ने नानू को मृत घोषित किया, वहीं घायल युवक को रायपुर रिफर किया गया है।

**पुलिस वाहन पर ग्रामीणों ने किया पथराव :** घटना के बाद जब कसडोल पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने मडकड़ा गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने टीम को गांव के बीच चौराहे पर कई घंटो तक घेरे रखा. तनावपूर्ण स्थिति देख एएसपी अभिषेक सिंह और कसडोल एसडीएम अतिरिक्त पुलिस बल के साथ गांव पहुचें, जहां एसडीएम और कसडोल एसडीओपी के वाहन में ग्रामीणों ने पथराव कर दिया. जिससे दो वाहनों की शीशे टूट गए. घंटो मशक्कत के बाद 2 आरोपी अजय केवट और लक्की केवट की गिरफ्तार कर कसडोल थाना लाया गया है. वहीं सुरक्षा की दृष्टि से अभी भी पुलिस बल तैनात है।

# मेकाहारा अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदा युवक, मौके पर हुई मौत

**रायपुर, 3 अगस्त।** रायपुर में स्थित राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल अंबेडकर अस्पताल यानी मेकाहारा अक्सर सुर्खियों में रहता है। मेकाहारा अस्पताल में आए दिन कुछ न कुछ ऐसा होता है जिसके चलते अस्पताल का नाम हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। इस बार भी ऐसा ही कुछ हुआ है। दरअसल, पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होने का दावा करने वाले मेकाहारा अस्पताल में एक युवक ने तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर और प्रबंधन दोनों में हड़कंप मचा हुआ है।

**रेबीज का इलाज करवा रहा था युवक:** मिली जानकारी के अनुसार, पंडरिया ग्राम तखतपुर जिला बिलासपुर निवासी 38 वर्षीय युवक संतोष ध्रुव 21 जुलाई से रेबीज बीमारी का इलाज कराने के लिए भर्ती हुआ था। संतोष ध्रुव का इलाज तीसरी मंजिल के आईसोलेशन वॉर्ड में चल रहा था। वहीं आज युवक अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूद गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**मामले को दबाने में जुटा प्रशासन :** बता दें कि, इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद अस्पताल परिसर और प्रबंधन दोनों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि, मेकाहारा प्रशासन इस पूरे मामले को दबाने में लगे हुए हैं। पीएम रिपोर्ट नहीं होने के कारण मृतक के परिजनों को भटकना पड़ रहा है।

### गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अगस्त।** थाना उरला पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए रात में घर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से तीन एचपी गैस सिलेंडर एवं एक छोटा सिलेंडर, जिसकी कुल कीमत लगभग 10,000 है, बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने दिनांक 30 जुलाई 2025 को अपने किराए के मकान में ताला लगाकर अपने गृह ग्राम सोरला, जिला बेमेतरा चला गया था। अगले ही दिन 31 जुलाई को सुबह 5 बजे उसके पड़ोसी सूरज यादव ने फोन पर सूचना दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान बिखरा पड़ा है। प्रार्थी तत्काल अपनी पत्नी तारणी बाई साहू के साथ उरला लौटा और देखा कि उसके घर से तीन एचपी गैस सिलेंडर और एक छोटा सिलेंडर चोरी हो चुका था।


## हॉस्टल अधीक्षकों को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

# चार सप्ताह में आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश

■ पदोन्नत अधीक्षकों की पदस्थापना प्रक्रिया पर जताई नाराजगी

**बिलासपुर, 3 अगस्त।** हाईकोर्ट ने कबीरधाम जिले में संचालित आदिवासी व अनुसूचित जाति छात्रावासों और आश्रमों में वर्षों से कार्यरत अधीक्षकों को बड़ी राहत दी है. कोर्ट ने इन अधीक्षकों के स्थानांतरण और उनके स्थान पर पदोन्नत अधीक्षकों की पदस्थापना की प्रक्रिया पर असंतोष जताते हुए आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत पृथक-पृथक आवेदन पत्रों का निराकरण नियमानुसार आदेश की प्रति प्राप्ति के चार सप्ताह के भीतर किया जाए. इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ में हुई.

कबीरधाम जिले के छात्रावासों और आश्रमों में वर्ष 2015 से पूर्व से अथवा कई वर्षों से कार्यरत अधीक्षक जिनमें अनीता धुर्वे,



प्रहलाद राम पात्रे, माया दर्रो, जयंती मेरावी, भेजंती धुर्वे, राजकुमारी बंजारे, बसंती बंजारे, चंपा देवी वारले, पूरन सिंह पोर्ते, गणपत दास बघेल, मनोज कुमार मंडावी, लखनलाल वारते, छोटा सिंह चिचाम, प्रकाश टेकाम, दीपकला पातरे, सुनीता सोनवानी, नर्मदा मरावी एवं नंदकुमार मरावी शामिल हैं. उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की, जिसमें कहा गया कि वे लंबे समय से प्रभारी अधीक्षक के रूप में कुशलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, इसके बावजूद विभाग ने उन्हें हटाकर हाल ही में पदोन्नत अधीक्षकों को उनके स्थान पर पदस्थ किया जा रहा है.

यह कार्यवाही विभाग द्वारा 10 जून 2025 को जारी दिशा-निर्देशों की कंडिका 03 के विपरीत है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि जिन आश्रमों और छात्रावासों में वर्ष 2015 के पूर्व से शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें रिक्त नहीं माना जाएगा और उन्हें हटाने की प्रक्रिया नहीं अपनाई जाएगी. इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं के आवेदन पत्रों पर कोई सुनवाई नहीं की गई. हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आदिम जाति एवं आदिवासी विकास विभाग को निर्देश दिया है कि याचिकाकर्ताओं के आवेदनों का 4 सप्ताह के भीतर नियमानुसार निराकरण किया जाए.

# हनुमान नगर में डेढ़ दिनों से नलों में पानी नहीं, रहवासी हो रहे परेशान

**रायपुर, 3 अगस्त।** नगर निगम जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाले हनुमान, चंद्रशेखर नगर एवं अन्य आसपास के क्षेत्रों में गत डेढ़ दिनों से नलों में पानी नहीं आने से जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

नगर निगम के जिम्मेदारों द्वारा इस संबंध में रहवासियों को किसी भी प्रकार के सुधार कार्य की जानकारी नहीं दी गई है जिसके चलते रहवासी पानी नहीं मिलने से परेशान है। इस संबंध में रहवासियों ने वार्ड पार्षद एवं जोन आयुक्त से तत्काल पानी बहाली की मांग की है। महापौर ने गत दिनों एमआईसी की बैठक में कहा था कि शहर के 70 वार्डों में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समस्या का निदान किया जाएगा किंतु डेढ़ दिनों बाद भी नगर निगम कर्मचारियों द्वारा जलापूर्ति बहाल नहीं की गई है




रहवासियों ने महापौर से भी जल व्यवस्था बिना किसी पूर्व सूचना के अवरोध उत्पन्न करने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26